* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि.नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक: 63 * पृष्ठः 12 * औरंगाबाद, [illegible] जुलाई 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com




2.20 करोड़ का इनामी नक्सली गिरफ्तार



# राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई: 12 अधिकारियों और कर्मियों पर गिरी गाज

## राजस्व मंत्री के आदेश पर अब तक 82 अधिकारियों व कर्मियों पर हुई विभागीय कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 राजस्व अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की है। विभिन्न मामलों की समीक्षा और जांच के बाद कई अधिकारियों के विरुद्ध आरोप पत्र गठित किए गए हैं, जबकि अन्य पर वेतन वृद्धि रोकने सहित विभिन्न दंड लगाए गए हैं। कुछ अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया भी जारी है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार, लापरवाही और विभागीय निर्देशों की अवहेलना के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध सेवा हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी तथा दोषी अधिकारियों और कर्मियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि भू अर्जन कार्यालय, मुंगेर के राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो अरविंद कुमार, राघोपुर (वैशाली) के अंचल अधिकारी दीपक कुमार तथा बिस्फी (मधुबनी) की तत्कालीन अंचल अधिकारी वंदना कुमारी के विरुद्ध विभागीय आरोप पत्र गठित किए गए हैं। इसके अलावा गोपालगंज सदर के अंचल अधिकारी रजत कुमार वर्णवाल, एकमा (सारण) के अंचल अधिकारी अमलेश कुमार, गोह (औरंगाबाद) के तत्कालीन अंचल अधिकारी विश्वजीत नीलांकर, औरंगाबाद के तत्कालीन अंचल अधिकारी अंशु कुमार सिंह तथा कल्याणपुर (समस्तीपुर) के तत्कालीन अंचल अधिकारी राजन कुमार पर वेतन वृद्धि रोकने सहित विभिन्न दंड अधिरोपित किए गए हैं। वहीं रामनगर (पश्चिम चंपारण) के तत्कालीन अंचल अधिकारी उदय शंकर मिश्रा, कुढ़नी (मुजफ्फरपुर) के तत्कालीन अंचल अधिकारी रणभू ठाकुर, हाजीपुर (वैशाली) की तत्कालीन अंचल अधिकारी अंजली कुमारी तथा सासाराम के तत्कालीन अंचल अधिकारी सुधीर कुमार ओंकारा के विरुद्ध विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई संचालित की जा रही है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि पिछले दो माह के कार्यकाल में अब तक 82 अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभिन्न मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें भ्रष्टाचार, दाखिल-खारिज में अनियमितता, सरकारी कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा विभागीय निर्देशों की अवहेलना जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि राजस्व विभाग में ईमानदारी से काम करने वालों को पूरा संरक्षण मिलेगा, लेकिन भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनियमितता करने वालों के लिए विभाग में कोई जगह नहीं है। जनता के हितों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# गुरु पूर्णिमा पर पार्टी कार्यकर्ता के घर पहुंचे नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना साहिब स्थित गया जिला के जदयू के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार सिंह के आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना, स्नेहाशीष दिया तथा चंदन कुमार सिंह की माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने नीतीश कुमार का आत्मीय स्वागत किया। उनके आगमन से पूरे परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा। परिवार ने उनके स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद को अपने लिए सौभाग्य बताया। चर्चा के दौरान नीतीश कुमार और चंदन कुमार सिंह के परिवार के बीच लंबे समय से रहे आत्मीय संबंधों की भी चर्चा हुई। चंदन कुमार सिंह के दिवंगत पिता एवं प्रख्यात समाजसेवी सुरेश नारायण सिंह से नीतीश कुमार का वर्षों पुराना व्यक्तिगत संबंध रहा। उनके सहयोग और आग्रह पर गया जिले के विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत हुई तथा कई जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिली, जिनका लाभ आज भी जिले के लोगों को मिल रहा है। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस आत्मीय मुलाकात में सामाजिक सरोकार, पारिवारिक संबंधों और जनसेवा की भावना पर भी चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने इसे वर्षों पुराने आत्मीय संबंधों और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक बताया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ भी मौजूद रहे। उन्होंने भी परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

# लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें मतदाता, भाजपा रचेगी जीत का नया कीर्तिमान : संजय सरावगी

## समर्पित कार्यकर्ता नीरज कुमार सिन्हा विकास की गति को देंगे नई उड़ान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को होने वाले मतदान से पूर्व मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने घर से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब अधिक से अधिक लोग मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। हर एक वोट बांकीपुर के उज्ज्वल भविष्य, सुशासन और निरंतर विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर की जनता ने पिछले कई चुनावों में विकास, सुशासन और जनहित की राजनीति पर अपना विश्वास व्यक्त किया है। यही कारण है कि यह क्षेत्र लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहा है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी बांकीपुर के मतदाता विकास और प्रगति की निरंतरता बनाए रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा बांकीपुर उपचुनाव में जीत का एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। जनता का व्यापक समर्थन भाजपा के साथ है और मतदाताओं का आशीर्वाद एक बार फिर कमल के पक्ष में मिलेगा। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है और इस बार भी रिकॉर्ड मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने एक समर्पित, कर्मठ और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध कार्यकर्ता नीरज कुमार सिन्हा को विधानसभा में जनता का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है।

# आर्ट ऑफ लिविंग का संकल्प: गांव-गांव पहुंचेगा योग व प्राणायाम, सावन भर प्रतिदिन होगा रुद्राभिषेक

## पटना में 'गुरु पूर्णिमा स्पेशल सत्संग' का हुआ भव्य आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी की संस्था 'आर्ट ऑफ लिविंग' द्वारा आज पटना के दादी जी मंदिर (गांधी मैदान) में 'गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भावपूर्ण सत्संग का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। भक्ति, ज्ञान और संगीत से सराबोर इस पावन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस विशेष अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद जी तथा बिहार के महाधिवक्ता एस डी संजय विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा समाज कल्याण, नशामुक्ति और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए चलाए जा रहे अभियानों की सराहना की।

# भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के आह्वान पर पूरे बिहार के जिला, प्रखंड, मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर पर संत रविदास जी, भगवान सूर्यनारायण, श्री गणेश जी, भगवान शिव सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धापूर्वक किया गया। पटना के कच्ची तालाब स्थित संत रविदास मंदिर, भगवान सूर्यनारायण मंदिर एवं श्री गणेश मंदिर में भाजपा ओबीसी मोर्चा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन एवं आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही ज्ञान, संस्कार, सत्य एवं सदाचार का मार्ग प्रशस्त कर जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। उन्होंने सभी से अपने गुरुओं के बताए आदर्शों पर चलने तथा ज्ञान, सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। श्री चंद्रवंशी ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुकेश पटेल, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष पटेल, संजय निषाद, संजय गुप्ता, प्रदीप निषाद, रिंटू पटेल, मुकेश मंडल, सोनी देवी, आनंद शंकर प्रसाद, संजय बाबा, नीरज कुमार बबलू सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन एवं आरती में भाग लिया।

# गुरु पूर्णिमा आत्मिक जागरण और गुरु के प्रति कृतज्ञता का पर्व : प्रो. रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित शाही कॉलोनी में आयोजित रामाश्रम सत्संग के गुरुपूजन समारोह में भाग लेकर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. ज्योति प्रसाद के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पारंपरिक विधि से गुरुपूजन किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साधक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल धार्मिक अनुष्ठान का दिन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में आत्मिक जागरण और गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि जीवन में सही मार्गदर्शन का आधार गुरु तत्व है और उसी के माध्यम से आत्मबोध तथा सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। गुरु व्यक्ति के जीवन को संतुलित दिशा देने के साथ ज्ञान, शांति और विवेक का संचार करते हैं। उन्होंने रामाश्रम सत्संग, मथुरा की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परंपरा गृहस्थ जीवन के साथ आध्यात्मिक साधना, सेवा और आत्मानुशासन का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि दादा गुरु रामचंद्र महाराज (लालाजी) और समर्थ गुरु डॉ. चतुर्भुज सहाय के मार्गदर्शन ने लाखों लोगों को आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा दी है और उनके विचार आज भी साधकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि गुरुपूजन श्रद्धा, समर्पण और आत्मचिंतन का प्रतीक है। यदि जीवन को सार्थक बनाना है तो अहंकार, दिखावा और द्वेष का त्याग कर सरलता, सेवा और विनम्रता का मार्ग अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि सद्गुरु के प्रति प्रेम और विश्वास ही आध्यात्मिक जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है, जिससे सेवा, सहनशीलता और समर्पण जैसे गुण विकसित होते हैं। कार्यक्रम में सत्संग, गुरु वंदना और आध्यात्मिक चर्चा का भी आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने सामूहिक गुरुपूजन कर गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक मूल्यों और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# गुरु पूर्णिमा पर बी.डी. कॉलेज में भारतीय मनोविज्ञान दिवस का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के मनोविज्ञान विभाग द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय मनोविज्ञान दिवस का दो दिवसीय आयोजन 28 एवं 29 जुलाई, 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी के नेतृत्व में तथा डॉ. सीमा कुमारी, समन्वयक, काउंसलिंग सेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 28 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक भारतीय मनोविज्ञान विषयक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय मनोवैज्ञानिक चिंतन, गुरु-शिष्य परंपरा, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक मनोविज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। प्रतियोगिता में अभिराज कुमार ने प्रथम, संजना कुमारी ने द्वितीय तथा रश्मि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस 29 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय मनोविज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य, आत्मबोध, योग, ध्यान एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टरों का निर्माण कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुमार गौरव प्रथम, रानी कुमारी द्वितीय तथा सोनम प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने कहा कि भारतीय मनोविज्ञान केवल एक अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, सकारात्मक एवं मूल्यपरक बनाने की एक सशक्त जीवन-दृष्टि है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्ष को समझने तथा अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी ने कहा कि भारतीय मनोविज्ञान दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध मनोवैज्ञानिक विरासत से जोड़ना तथा उनमें अनुसंधान, नवाचार एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। डॉ. सीमा कुमारी, समन्वयक, काउंसलिंग सेल ने भारतीय मनोविज्ञान के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बिनोद कुमार, डॉ. एन. एन. ठाकुर, वरीय शिक्षक, समाजशास्त्र विभाग और महविद्यालय के बर्सर डॉ. आमित कुमार ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य के द्वारों सभी विजेताओ को पुरस्कृत किया गया।

# छात्रों पर दमन और पेपर लीक के खिलाफ चार अगस्त को पटना में होगा एनएसयूआई का महाआंदोलन : विनोद जाखड़

## छात्रों पर दमन मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि देशभर में पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और छात्रों पर बढ़ते दमन के खिलाफ विद्यार्थियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार और बिहार की एनडीए सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री जाखड़ ने कहा कि छात्र शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक पर रोक, समयबद्ध भर्तियां, समय पर परीक्षा परिणाम तथा भर्ती कैलेंडर लागू करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे, लेकिन उन पर वाटर कैनन, आंसू गैस, लाठीचार्ज और गोलीबारी जैसी कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। उन्होंने मांग की कि गोली से घायल सभी छात्रों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए तथा उनके इलाज, शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी सरकार उठाए। एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि आंदोलन समाप्त होने के बाद छात्रों पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में छात्रों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया। राजेश राम ने कहा कि उन्होंने स्वयं अस्पताल के आईसीयू में भर्ती उस घायल छात्र से मुलाकात की जिसे गोली लगी है। गोली उसके घुटने को पार करते हुए हड्डी को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर चुकी है।

# क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 87वीं समीक्षा बैठक आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 87वीं बैठक अमरेन्द्र कुमार, अपर महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कुमार ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां अधिकांश कार्य हिंदी में ही होता है फिर भी राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किए जाने की आवश्यकता है। यदि अधिकारीगण छोटे-छोटे आदेश/टिप्पणी हिंदी में लिखें तो हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और इससे अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। हिंदी की व्यापकता और सार्थकता सभी स्वीकारते हैं।

# 150 किलोवाट तक के नए बिजली कनेक्शन के शुल्क तय, अब प्रक्रिया होगी अधिक पारदर्शी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने 150 किलोवाट तक के नए बिजली कनेक्शन के लिए सेवा संयोजन (सर्विस कनेक्शन) शुल्क निर्धारित कर दिए हैं। बिहार विद्युत विनियामक आयोग के निर्देशों के अनुपालन में लागू की गई इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को आवेदन के समय ही कनेक्शन पर होने वाले खर्च की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। नई व्यवस्था के तहत विद्युतीकृत क्षेत्रों में एलटी सिंगल फ़ेज, एलटी थ्री फ़ेज तथा एचटी श्रेणी के 150 किलोवाट तक के नए बिजली कनेक्शन निर्धारित शुल्क के आधार पर जारी किए जाएंगे। इससे कनेक्शन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध होगी। निर्धारित सर्विस कनेक्शन शुल्क इस प्रकार हैं– एलटी सिंगल फेज (7 किलोवाट तक सभी श्रेणीयां): 3 किलोवाट तक 900 प्रति किलोवाट तथा 3 किलोवाट से अधिक भार पर 2,700 के साथ प्रत्येक अतिरिक्त किलोवाट पर 1,000। एलटी 3 फेज (5 से 19 किलोवाट): 5 किलोवाट तक ?4,500 तथा 5 किलोवाट से अधिक भार पर 4,500 के साथ प्रत्येक अतिरिक्त किलोवाट पर 1,500। एलटी 3 फ़ेज (20 से 44 किलोवाट): 20 किलोवाट तक 21,000 तथा 20 किलोवाट से अधिक भार पर 21,000 के साथ प्रत्येक अतिरिक्त किलोवाट पर 2,000। एचटी श्रेणी उपभोक्ता (45 से 150 किलोवाट): 7,000 प्रति किलोवाट की दर से सर्विस कनेक्शन शुल्क देय होगा। दोनों बिजली वितरण कंपनियों द्वारा उपरोक्त वर्णित राशि के भुगतान उपरांत तकनीकी आवश्यकता के अनुसार विद्युत मीटर (प्वाइंट ऑफ सप्लाई) तक विद्युत संरचना (सर्विस तार सहित) उपलब्ध कराते हुए उपभोक्ताओं को नया विद्युत संबंध स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में दोनों वितरण कंपनियों ने अपने सभी विद्युत आपूर्ति अंचलों, प्रमंडलों एवं उपप्रमंडलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।

# कार्लो ऑटोमोबाइल्स में नई मारुति ब्रेजा एसयूवी मॉडल लांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित कार्लो ऑटोमोबाइल्स में नई मारुति ब्रेजा एसयूवी मॉडल को एक समारोह आयोजित कर लांच किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात नेत्र विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर नए मॉडल का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल क्षेत्र लगातार आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। नई पीढ़ी के वाहनों में सुरक्षा, आराम और ईंधन दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर विकल्प उपलब्ध हो रहे हैं।

# आदिशक्ति प्रेमनाथ खन्ना तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत बज्जिका पुस्तक का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं 'सामयिक परिवेश' के संयुक्त तत्वावधान में 11वें आदिशक्ति प्रेमनाथ खन्ना तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत पटना संग्रहालय में एक भव्य कवि सम्मेलन, पत्रिका विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर ममता मेहरोत्रा ने कहा कि 'पिता की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम मन को सुकून और नई ऊर्जा प्रदान करता है। कविता मन के भावों एवं सामाजिक जीवन को अभिव्यक्त करने का अत्यंत सुंदर माध्यम है।' कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि ज्वालासांध्य पुष्प ने की। उन्होंने कहा कि बज्जिका को आगे बढ़ाने के लिए सभी को लिखने के साथ अपनी भाषा में लिखना भी अत्यावश्यक है। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन हिन्दी, बज्जिका की लेखिका सविता राज ने अत्यंत कुशलता से किया। उनके प्रभावी संचालन ने कवियों एवं श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। इस अवसर पर देशभर के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने सामाजिक सरोकार, मानवीय मूल्य, देश-प्रेम एवं नारी शक्ति पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा।

# संजय गांधी जैविक उद्यान में जन्मे चार बाघ शावकों का नामकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर हाल ही में जन्मे चार बाघ शावकों का नामकरण किया गया। शावकों के नाम रुद्र, तेजस्वी, सृष्टि और पूर्णिमा रखे गए। कार्यक्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जू प्रशासन, वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वन्यजीव प्रेमी शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस का उद्देश्य बाघों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और उनकी घटती संख्या को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

# केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में अग्निशमन विभाग, कंकड़बाग, पटना द्वारा एक व्यापक फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को आग लगने जैसी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित बचाव कार्यों व अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग तथा आपदा प्रबंधन की प्रक्रियाओं के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं प्राथमिक प्रतिक्रिया व सुरक्षित निकासी तथा अग्निशामक यंत्रों के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन कर विस्तार से जानकारी दी। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल परिसर में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का भी आकलन किया गया।

* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* पटना संस्करण

* रजि.नंबर : 52290/90 * वर्ष :37, * अंक: 63 * पृष्ठ: 12 * औरंगाबाद, गुरुवार, 30 जुलाई 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



सम्राट कैबिनेट की बैठक

# लोकसभा में एंटी पेपर लीक संशोधन विधेयक पारित

## जितेंद्र सिंह बोले- युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए जरूरी कानून, विपक्ष ने पारदर्शिता और जवाबदेही पर उठाए सवाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। लोकसभा में बुधवार को भारी हंगामे और सत्ता-विपक्ष के बीच तीखी बहस के बीच एंटी पेपर लीक संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा पेश किए गए इस विधेयक पर कई घंटों तक चर्चा चली, जिसके दौरान दोनों पक्षों के सांसदों ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। विधेयक पारित होने की घोषणा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की। इसके बाद सदन की कार्यवाही 30 जुलाई को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार ने इस विधेयक को देश की परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से यह संशोधन लाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस गंभीर विषय पर रचनात्मक सुझाव देने के बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को प्राथमिकता दी। बहस के दौरान जितेंद्र सिंह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि संसद में प्रयुक्त भाषा संसदीय गरिमा और परंपराओं के अनुरूप होनी चाहिए। उनके अनुसार, देश के युवाओं के बारे में की गई कुछ टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं और विपक्ष के नेता के पद पर बैठे व्यक्ति से अधिक जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने 21 जुलाई की एक घटना का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी पर राजनीतिक टिप्पणी भी की। सदन में सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे पर सरकार की ओर से सफाई देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि जिस घटना का विपक्ष उल्लेख कर रहा है, उसमें गोली नहीं चलाई गई थी, बल्कि केवल आंसू गैस का प्रयोग किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोली चलाने का प्रश्न ही नहीं उठता और ऐसी परिस्थितियों में कार्रवाई का अधिकार संबंधित मजिस्ट्रेट के पास होता है, न कि मंत्री के पास। वहीं विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा के दौरान सरकार की परीक्षा प्रणाली और युवाओं से जुड़ी नीतियों पर सवाल उठाए। विपक्ष का कहना था कि केवल कानून बना देने से पेपर लीक जैसी समस्या समाप्त नहीं होगी, बल्कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बहस के बीच लोकसभा से पारित यह विधेयक अब आगे की संसदीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद कानून का रूप ले सकेगा। सरकार का दावा है कि नए प्रावधानों से परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और पेपर लीक जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

## जमीन विवाद में चली 100 से अधिक राउंड गोलियां, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय**। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंदवारा गांव में बुधवार सुबह जमीन विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। बाउंड्री निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों ओर से 100 से अधिक राउंड फायरिंग होने लगी। घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गोलीबारी और मारपीट में सनोज कुमार, धनवीर यादव, अनुजीत कुमार, धीरज यादव और सिंटू कुमार घायल हो गए। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के दौरान ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पकड़कर उनकी पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा पाया गया है। पुलिस फायरिंग और हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर रही है। एसपी के अनुसार, घटना में चार लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है और मामले की जांच जारी है।

# बिहार में शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया शुरू, 5 अगस्त तक आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार के करीब छह लाख सरकारी शिक्षकों के बहुप्रतीक्षित स्थानांतरण की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। शिक्षा विभाग ने इसके लिए ई-शिक्षकोष पोर्टल खोल दिया है। पात्र शिक्षक 29 जुलाई से 5 अगस्त तक समायोजन, समानुपातीकरण और पारस्परिक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विभाग ने पूरी प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, जबकि अंतिम स्थानांतरण आदेश 31 अक्टूबर तक जारी किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि इस बार स्थानांतरण प्रक्रिया संशोधित नियमावली के तहत लागू की गई है। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर ई-शिक्षकोष पोर्टल पर आवेदन करने तथा आवेदन करते समय सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार का सबसे बड़ा बदलाव यह है कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की टीआरई-1, टीआरई-2 और टीआरई-3 के तहत नियुक्त, प्रोबेशन अवधि में



कार्यरत शिक्षक भी निर्धारित शर्तों के अनुसार स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। लंबे समय से इस मांग को लेकर शिक्षक संगठन आवाज उठा रहे थे। विभाग का मानना है कि इससे बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षकों को राहत मिलेगी, जो अपने गृह जिले अथवा सुविधाजनक स्थान पर पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

स्थानांतरण प्रक्रिया का पहला चरण 7 अगस्त से 9 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान समायोजन और समानुपातीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विभाग संबंधित सूची प्रकाशित करेगा, प्राप्त आपत्तियों और अपीलों का निस्तारण करेगा तथा अंतिम सूची जारी करेगा। इसका उद्देश्य विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात को संतुलित करना तथा जहां शिक्षकों की कमी या अधिकता है, वहां आवश्यक समायोजन करना है। पहले चरण के बाद 10 से 14 सितंबर तक पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान जिला, प्रमंडलीय और राज्य स्थापना समितियां प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्र शिक्षकों के स्थानांतरण पर निर्णय लेंगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीक आधारित बनाया गया है, ताकि शिक्षकों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# पीएम मोदी करेंगे दो चीनी मिल परियोजनाओं का शिलान्यास

## बिहार में औद्योगीकरण को मिलेगी रफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से संचालित करने की दिशा में राज्य सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं। सरकार की योजना आगामी वर्षों में राज्य की 25 बंद चीनी मिलों को चरणबद्ध तरीके से शुरू करने की है। इसी कड़ी में मधुबनी की सकरी और दरभंगा की रैयाम चीनी मिल परियोजनाओं का रास्ता साफ हो गया है। इन दोनों परियोजनाओं का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने प्रस्तावित बिहार दौरे के दौरान 20 नवंबर को करेंगे। गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने बताया कि दोनों चीनी मिलों के दोबारा शुरू होने से गन्ना किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही गन्ना आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार इसे बिहार के गन्ना उद्योग और किसानों के लिए महत्वपूर्ण पहल मान रही है। गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में औद्योगीकरण प्रमुख है। बंद पड़ी चीनी मिलों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर दोबारा चालू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके लिए किसानों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं तथा गन्ना उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से नई नीतियां भी तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में राज्य की 25 बंद चीनी मिलों को पुनः चालू कर बिहार के चीनी उद्योग को नई गति देना है।

# मामूली विवाद में देवर ने की भाभी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार के जहानाबाद जिले में मामूली विवाद ने दिल दहला देने वाली वारदात का रूप ले लिया। परसबिगहा थाना क्षेत्र के चैनपुरा इमादपुर गांव में बुधवार सुबह एक युवक ने कथित तौर पर अपनी भाभी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के समय आरोपी कुणाल कुमार को छोड़कर परिवार के अन्य सदस्य धान की रोपाई के लिए खेत गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी ने अपनी भाभी अंशु से खाना मांगा। बताया जाता है कि अंशु जब थाली में भोजन परोस रही थीं, तब उनके हाथ में मिट्टी लगी होने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कथित तौर पर मामूली विवाद के बाद आरोपी ने अपना आपा खो दिया। आरोप है कि उसने पहले अपनी भाभी के साथ मारपीट की और फिर धारदार हथियार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परसबिगहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 32,388 शिक्षकों की होगी बहाली

## गुरु पूर्णिमा पर सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती (बीपीएससी टीआरई-4) का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को घोषणा की कि टीआरई-4 के तहत राज्य में कुल 32,388 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को अधियाचना भेज दी है। अब आयोग जल्द ही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जारी करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं एवं विषयों के अनुसार रिक्त पदों का निर्धारण कर आयोग को भेजा गया है। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। सम्राट चौधरी ने कहा



कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और विकसित बिहार के संकल्प को साकार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने तथा राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# पटना के बांकीपुर में उपचुनाव आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज मतदान होगा। मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इवीएम और वीवीपैट मशीनों को मतदान दलों के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान के लिए 164 मतदान केंद्रों पर कुल 422 मतदान बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर वेबकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा के मद्देनज़र केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की 14 कंपनियां, फ्लाइंग स्क्वॉड, सर्विलांस टीमें और सेक्टर पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। इस चुनाव में कुल 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा के नीरज कुमार, जन सुराज के प्रशांत किशोर और राष्ट्रीय जनता दल की रेखा कुमारी के बीच माना जा रहा है। चुनाव के दौरान इस सीट पर कई प्रमुख राजनीतिक दल के नेता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 79 हजार 616 मतदाता हैं, जिनमें 4 हजार 998 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ट्रैफिक जाम, जलजमाव, सड़क, ड्रेनेज, स्वच्छता और अन्य शहरी सुविधाएं इस उपचुनाव के प्रमुख चुनावी मुद्दे बने हुए हैं।

# 2.20 करोड़ का इनामी नक्सली गिरफ्तार

## ऑपरेशन 'दौरा पहाड़'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा को धनबाद जिले से गिरफ्तार किया गया है। उस पर झारखंड और ओडिशा सरकार की ओर से कुल 2.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वह 175 मामलों में वांछित था। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने बुधवार को बताया कि 65 वर्षीय मिसिर बेसरा को मंगलवार शाम ऑपरेशन दौरा पहाड़ के दौरान धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मनियाडीह इलाके से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले के मदनडीह गांव का निवासी बेसरा भाकपा (माओवादी) का एकमात्र सक्रिय शीर्ष-स्तरीय पोलित ब्यूरो सदस्य था। डीजीपी के अनुसार, मिसिर बेसरा झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में दर्ज 175 मामलों में वांछित था। उन्होंने दावा किया कि देश के सबसे वांछित नक्सली नेताओं में से एक की गिरफ्तारी के साथ ही झारखंड में माओवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है और राज्य में नक्सली खतरा लगभग समाप्ति की ओर है। इस अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दो अन्य नक्सलियों, मेहनत उर्फ मोचू और गौरव, को भी गिरफ्तार किया। मोचू पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। डीजीपी के मुताबिक, गिरफ्तार तीनों नक्सली कुल 320 आपराधिक मामलों में वांछित थे। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई और पूछताछ कर रही है।


# बिहार कैबिनेट के 24 प्रस्तावों पर मुहर, 22 हजार आंगनबाड़ी पदों पर होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के 22 हजार पदों पर बहाली, नई खेल नीति-2026 लागू करने, पेयजल, पुल निर्माण, सहकारिता और औद्योगिक विकास से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत राज्य में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के 22 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। वहीं, खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार खेल नीति-2026 को स्वीकृति दी गई। इसके अंतर्गत बिहार राज्य खेल छात्रवृत्ति योजना तथा प्रतिभा पहचान कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। मंत्रिपरिषद ने बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के तहत वेजफेड की त्रि-स्तरीय सहकारी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के लिए 106.39 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। इसके तहत प्रखंड स्तर पर आधारभूत संरचना का विकास, सहकारी समितियों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना तथा रीफर वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। पथ निर्माण विभाग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। जमुई जिले में एनएच-333ए के खैरा-सोनो मार्ग पर क्यूल नदी के नरियाना घाट में 93.82 करोड़ रुपये तथा मंगोबंदर-सुकनर नदी पर 55.96 करोड़ रुपये की लागत से दो नए उच्चस्तरीय आरसीसी पुलों का निर्माण कराया जाएगा। मंत्रिपरिषद ने दरभंगा के रैयाम तथा मधुबनी के सकरी स्थित बंद पड़ी चीनी मिल परिसरों में नई सहकारी चीनी मिलों और गन्ना उपोत्पाद आधारित उद्योग स्थापित करने की परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की। इससे गन्ना किसानों को बेहतर बाजार, स्थानीय युवाओं को रोजगार तथा मिथिलांचल के औद्योगिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा केंद्र प्रायोजित अमृत 2.0 मिशन के तहत लखीसराय एवं किशनगंज जलापूर्ति परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। लखीसराय जलापूर्ति योजना के लिए 150.96 करोड़ रुपये तथा किशनगंज जलापूर्ति योजना के लिए 53.71 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन योजनाओं के पूरा होने पर लाखों परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

# रेल सुरक्षा में ऐतिहासिक सुधार, 2026-27 में जून तक केवल दो बड़ी ट्रेन दुर्घटनाएं : अश्विनी वैष्णव

## कवच परियोजना पर 3,874 करोड़ रुपये खर्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। भारतीय रेल में प्रौद्योगिकी, आधुनिक अवसंरचना और बेहतर रखरखाव के माध्यम से रेल सुरक्षा को अभूतपूर्व मजबूती मिली है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि सुरक्षा उपायों के प्रभाव से बड़ी ट्रेन दुर्घटनाओं में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014-15 में 135 बड़ी ट्रेन दुर्घटनाएं दर्ज हुई थीं, जबकि 2025-26 में यह संख्या घटकर 16 रह गई, जो लगभग 88 प्रतिशत की कमी है। वहीं 2026-27 में जून 2026 तक केवल दो बड़ी ट्रेन दुर्घटनाएं हुई हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मानव त्रुटियों को कम करने के लिए 30 जून 2026 तक 6,671 स्टेशनों पर विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई है। इतने ही स्टेशनों पर ट्रैक सर्किटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जबकि 10,395 लेवल क्रॉसिंग गेटों को इंटरलॉकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। सभी लोकोमोटिव में लोको पायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस लगाए गए हैं। कोहरे से प्रभावित क्षेत्रों में जीपीएस आधारित फॉग सेफ्टी डिवाइस तथा सिग्नलों से पहले रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सिग्मा बोर्ड भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेल पटरियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधुनिक ट्रैक संरचना अपनाई जा रही है। ट्रैक बिछाने में मशीनों का व्यापक उपयोग, 130 और 260 मीटर लंबे रेल पैनलों का इस्तेमाल, अल्ट्रासोनिक दोष पहचान परीक्षण, फ्लैश बट वेल्डिंग, ऑसिलेशन मॉनिटरिंग सिस्टम, ट्रैक रिकॉर्डिंग कार, नियमित ट्रैक गश्त तथा ऑनलाइन ट्रैक डेटाबेस जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। सुरक्षित संचालन के लिए कोचों और वैगनों का नियमित निवारक रखरखाव किया जा रहा है तथा पुराने आईसीएफ डिब्बों को चरणबद्ध तरीके से एलएचबी डिब्बों से बदला जा रहा है। जनवरी 2019 तक सभी ब्रॉड गेज मार्गों से मानवरहित लेवल क्रॉसिंग समाप्त कर दिए गए हैं। रेलवे पुलों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है तथा नए कोचों, पावर कारों और पैंट्री कारों में अग्नि पहचान एवं अग्निशमन प्रणाली लगाई जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी डिब्बों में अग्नि सुरक्षा संबंधी सूचनाएं भी प्रदर्शित की गई हैं।

रेल मंत्री ने बताया कि स्वदेशी विकसित कवच प्रणाली भारतीय रेल की सुरक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ा तकनीकी बदलाव साबित हो रही है। यह एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जो लोको पायलट को निर्धारित गति सीमा में ट्रेन चलाने में सहायता करती है तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वतः ब्रेक लगाकर दुर्घटनाओं की संभावना को कम करती है। खराब मौसम में भी यह सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करती है।

उन्होंने बताया कि यात्री ट्रेनों पर कवच का पहला फील्ड परीक्षण फरवरी 2016 में किया गया था। वर्ष 2018-19 में कवच संस्करण 3.2 को लागू किया गया और जुलाई 2020 में इसे राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के रूप में अपनाया गया। इसके बाद विकसित कवच संस्करण 4.0 को 16 जुलाई 2024 को अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने स्वीकृति दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 20 जुलाई 2026 तक कवच संस्करण 4.0 का सफल संचालन 2,569 रूट किलोमीटर पर शुरू हो चुका है। इसमें देश के सबसे व्यस्त दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 7,327 लोकोमोटिव तथा 1,200 ईएमयू और एमईएमयू रेक में कवच प्रणाली लगाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कवच परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय रेल के प्रशिक्षण संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अब तक 94,000 से अधिक तकनीशियनों, ऑपरेटरों और इंजीनियरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें लगभग 57,000 लोको पायलट और सहायक लोको पायलट शामिल हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आईआरआईएसईटी के सहयोग से तैयार किए गए हैं।

रेल मंत्री ने बताया कि जून 2026 तक कवच परियोजना पर 3,874 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2,066 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कवच परियोजनाओं का कार्य तेज गति से चल रहा है और कार्य की प्रगति के अनुरूप आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उनका कहना था कि आधुनिक तकनीक, उन्नत सिग्नलिंग, मजबूत अवसंरचना और वैज्ञानिक रखरखाव के माध्यम से भारतीय रेल विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

## रेलवे में जून 2026 तक 5.56 लाख नियुक्तियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। भारतीय रेल ने मिशन मोड में भर्ती अभियान को तेज करते हुए वर्ष 2014 से जून 2026 तक 5.56 लाख नियुक्तियां की हैं। इनमें दक्षिण रेलवे में 50,485 नियुक्तियां शामिल हैं। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल में रिक्तियां और उनकी पूर्ति एक सतत प्रक्रिया है। परिचालन आवश्यकताओं, तकनीकी बदलाव, मशीनीकरण और नवाचार को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त एवं उपयुक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाता है। रिक्त पदों को परिचालन और तकनीकी जरूरतों के अनुसार रेलवे भर्ती एजेंसियों के माध्यम से भरा जाता है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 की परीक्षा चक्र के दौरान कंप्यूटर आधारित परीक्षा में लगभग 4.5 करोड़ अभ्यर्थी शामिल हुए। भर्ती परीक्षाएं 150 से अधिक शहरों में 15 भाषाओं में आयोजित की गईं, जिससे अभ्यर्थियों को अधिक सुविधा और व्यापक अवसर मिले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से समूह 'सी' के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वार्षिक कैलेंडर लागू किया गया है। इससे अभ्यर्थियों को हर वर्ष पात्रता के अनुसार अवसर, परीक्षा की निश्चितता तथा भर्ती, प्रशिक्षण और नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी का लाभ मिल रहा है। वर्तमान में वार्षिक कैलेंडर 2024, 2025 और 2026 के तहत भारतीय रेल में 1,61,889 अराजपत्रित पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिनमें दक्षिण रेलवे के 11,387 पद शामिल हैं। वर्ष 2024 के दौरान 92,116 पदों के लिए दस केंद्रीय रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गई थीं। इन 92,116 पदों के लिए प्रथम अथवा एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 2026-27 में 30 जून 2026 तक तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल, मंत्रालयिक एवं पृथक श्रेणियों तथा सहायक लोको पायलट सहित विभिन्न पदों पर 3,300 से अधिक अभ्यर्थियों के चयन पैनल अंतिम रूप दिए जा चुके हैं, जिनमें अधिकांश पद रेलवे की सुरक्षा श्रेणी से जुड़े हैं।

# नालंदा में उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर, व्यापार सुगमता के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में औद्योगिक विकास, निवेश को प्रोत्साहन और उद्यमियों के लिए पारदर्शी एवं सुगम कारोबारी माहौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में श्यापार सुगमता एवं जिला व्यापार सुधार कार्य योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य व्यापार सुधार कार्य योजना, जिला व्यापार सुधार कार्य योजना तथा सिंगल विंडो सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उद्योगों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि उद्यमियों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़े।बैठक में भूमि आवंटन, भवन मानचित्र स्वीकृति, व्यापार लाइसेंस, व्यावसायिक बिजली कनेक्शन, पर्यावरणीय स्वीकृति, अग्निशमन विभाग की एनओसी सहित विभिन्न विभागीय अनुमतियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कागजी प्रक्रियाओं को न्यूनतम करते हुए सभी स्वीकृतियां डिजिटल, पारदर्शी और निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सिंगल विंडो सिस्टम को पूरी तरह प्रभावी बनाने तथा नए उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिए निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने जिला उद्योग केंद्र और स्टार्टअप सेल के माध्यम से नए उद्यमियों को तकनीकी सहयोग, मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जीएसटी, कृषि, अग्निशमन, विद्युत, स्वास्थ्य, एलडीएम, बियाडा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व बाघ दिवस पर राजगीर जू सफारी में एमओयू, वन्यजीव संरक्षण को मिलेगा नया बल

**बिहार वेटनरी कॉलेज और जू सफारी के बीच समझौता 480 विद्यार्थियों ने चित्रकला व क्विज प्रतियोगिता में लिया हिस्सा**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। विश्व बाघ दिवस के अवसर पर राजगीर जू सफारी में वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को समर्पित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (पटना) डॉ. नेसामणि के. तथा विशिष्ट अतिथि बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना के डीन डॉ. पल्लव शेखर रहे।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना और राजगीर जू सफारी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर रहा। डीन डॉ. पल्लव शेखर और जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत वन्यजीव चिकित्सा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, वेटनरी छात्रों के प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, प्रयोगशाला सहयोग और क्षमता विकास के क्षेत्र में दोनों संस्थान मिलकर कार्य करेंगे।इस अवसर पर राजगीर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 480 विद्यार्थियों ने चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को डॉ. नेसामणि के. ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बाघ हमारे वन पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण संकेतक हैं और इनके संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने जू सफारी परिसर में स्थापित एटीएम का भी उद्घाटन किया।डॉ. पल्लव शेखर ने एमओयू को वन्यजीव उपचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया। निदेशक राम सुन्दर एम ने कहा कि विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ती पर्यावरण जागरूकता का सकारात्मक संकेत है और यह साझेदारी बिहार में वन्यजीव संरक्षण को नई मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम में वन विभाग, जू सफारी एवं बिहार वेटनरी कॉलेज के अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सोना कारोबारी से 70 हजार, चेन व मोबाइल की लूट

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के डीहरा मोड़ से रहीमपुर जाने वाले मार्ग पर मंगलवार देर शाम चार बदमाशों ने एक सोना कारोबारी से पिस्टल के बल पर 70 हजार नकद, सोने की चेन और मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। रहीमपुर निवासी मिथिलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वह रहुई बाजार में वर्षों से सोने-चांदी की दुकान चलाते हैं। मंगलवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर घर लौटने के दौरान दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हथियार के बल पर बैग में रखी नकदी, गले की चेन और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पीड़ित के शोर मचाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और डायल-112 तथा रहुई थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे भाग निकले। पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है तथा गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### सफाई व पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने पर नगर परिषद की बैठक में मंथन

**राजगीर**। नगर परिषद राजगीर की सामान्य बोर्ड की बैठक बुधवार को सभापति जीरो देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर परिषद की विकास योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की गई तथा लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में सशक्त स्थायी समिति के पूर्व निर्णयों की पुष्टि एवं अनुमोदन पर भी चर्चा हुई। शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सुझाव दिए। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। बैठक में विधायक कौशल किशोर, मंत्री प्रतिनिधि मुन्ना कुमार, सभापति जीरो देवी, डॉ. अनिल कुमार, महेंद्र यादव, मीरा कुमारी, अजय यादव, मुन्ना चौधरी, कुमारी सविता चंद्रवंशी सहित वार्ड पार्षद और नगर परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नागरिक सुविधाओं में सुधार और नगर के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया।

### गुरु पूर्णिमा पर आत्मज्ञान और सद्भाव का संदेश

**गिरियक**। विश्व धर्म जागृति अभियान के तत्वावधान में बुधवार को पावापुरी स्थित बाबा ठाकुर मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। श्री सुबोध जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरु वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद भजन, स्तुति, सत्संग एवं प्रवचन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।प्रवचन में श्री सुबोध जी महाराज ने कहा कि आज समाज ज्ञान-विज्ञान के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन अंधविश्वास और अफवाहें भी तेजी से फैल रही हैं। बिना सत्य जाने किसी बात पर विश्वास करना समाज और देश दोनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अच्छा इंसान होने के साथ सजग और व्यवहारिक भी बनना चाहिए। अंत में वैदिक मंगलकामना "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" के साथ सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अरहर की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नालंदा के सभी प्रखंडों में प्रदर्शनी

**बिहारशरीफ**। अरहर की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) नालंदा द्वारा जिले के सभी 20 प्रखंडों में प्रदर्शन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रत्येक प्रखंड से तीन किसानों का चयन कर उन्हें अरहर की उन्नत खेती के लिए आधार बीज, माइकोराइजा जैव उर्वरक, इमीदाक्लोप्रिड तथा इमैमेक्टिन बेंजोएट सहित आवश्यक कृषि सामग्री उपलब्ध कराई गई।कार्यक्रम के दौरान किसानों को बीज उपचार, फसल प्रबंधन, पौधों के पोषण और समय पर कीट एवं रोग नियंत्रण की वैज्ञानिक जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि माइकोराइजा जैव उर्वरक पौधों की जड़ों के विकास, पोषक तत्वों के अवशोषण और मृदा स्वास्थ्य में सुधार कर फसल की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शन कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है, ताकि वे नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हों।

# ट्रेनों की संख्या बढ़ी,प्रतिदिन आय बढ़ी, पर बूंद-बूंद पानी को तरस रहे यात्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन बिहारशरीफ पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। नवादा, शेखपुरा और नालंदा जिले के विभिन्न इलाकों से आने-जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी पेयजल संकट के कारण उठानी पड़ रही है। स्टेशन पर पानी की ऐसी किल्लत है कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं प्लेटफार्म पर शौचालयों की स्थिति भी बदतर हो गई है।बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 16 जोड़ी यानी कुल 32 ट्रेनों का परिचालन होता है। सुबह तीन बजे से लेकर रात दस बजे तक ट्रेनों की आवाजाही जारी रहती है। बावजूद इसके यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। जानकारी के अनुसार स्टेशन पर पेयजल आपूर्ति के लिए बनी दो पानी की टंकियां जर्जर होने के कारण ध्वस्त कर दी गई थीं। इसके बाद अब तक नई पानी टंकी का निर्माण नहीं कराया गया, जिससे पेयजल संकट लगातार बना हुआ है। स्टेशन पर सिर्फ पेयजल ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म संख्या दो से पांच तक पर्याप्त यात्री शेड का भी अभाव है। गर्मी और बारिश के मौसम में यात्रियों को खुले आसमान के नीचे ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा शौचालय और यूरिनल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन से रेलवे को प्रतिदिन करीब दो से ढाई लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यहां से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए आरक्षण भी कराया जाता है। इसके बावजूद स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी यात्रियों में नाराजगी का कारण बनी हुई है। लोगों का कहना है कि इतना राजस्व देने वाले स्टेशन पर पेयजल, शौचालय, यात्री शेड और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकता होनी चाहिए।भारत सरकार की ओर से बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन परिसर में देश की आन, बान और शान के प्रतीक तिरंगे को फहराने के लिए 100 फीट ऊंचा पोल लगाया गया था। कुछ माह पहले आई तेज आंधी में यह पोल क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। इसके बाद अब तक नया पोल नहीं लगाया गया है। पहले दूर से ही स्टेशन परिसर में लहराता तिरंगा दिखाई देता था, लेकिन अब उसकी अनुपस्थिति लोगों को खल रही है।

# श्रावणी मेला की तैयारियों का डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। श्रावणी मेला-2026 के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर नालंदा की जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने बुधवार को राजगीर के कुंड क्षेत्र एवं व्यावहारगिरि पर्वत का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं 533 सीढ़ियां चढ़कर मेला मार्ग, सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पर्वत श्रृंखलाओं के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व की जानकारी दी तथा प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं की मांग रखी। डीएम ने पूरे मार्ग में समुचित प्रकाश, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, कंट्रोल रूम, मेडिकल टीम तथा आवश्यकता पड़ने पर आपदा मित्रों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिद्धनाथ मंदिर, बेलवेदार क्षेत्र और जरासंध अखाड़ा का भी निरीक्षण किया तथा वर्षा जल संरक्षण के लिए जलाशय को और गहरा करने एवं मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाकर पार्किंग विकसित करने का निर्देश दिया। डीएफओ के साथ भू-जल संरक्षण को लेकर भी चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, राजगीर एसडीओ सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नूरसराय लूटकांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार, लूटी गई अपाची बाइक बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। नूरसराय थाना क्षेत्र के ननौरा स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप हुई बाइक लूट की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे चार अज्ञात अपराधियों ने ननौरा बजरंगबली मंदिर के पास एक व्यक्ति से अपाची मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान लूट लिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।इस संबंध में नूरसराय थाना में कांड संख्या 419/26 दर्ज किया गया। तकनीकी, वैज्ञानिक एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल तथा अन्य सामान भी बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार पिता शिवकुमार यादव, निवासी अतवलचक, थाना थरथरी, रोहित कुमार पिता सुभाष यादव, बड़ी देवी स्थान, थाना नूरसराय,साहिल कुमार पिता हरेंद्र पासवान, नूरसराय एवम रविश कुमार उर्फ भेटारी पिता श्याम किशोर यादव, अतवलचक, थाना थरथरी एवम नीरज कुमार पिता अलिन्द्र रविदास बड़ी देवी स्थान, थाना नूरसराय शामिल है।

## नवादा

# रजौली प्रखंड सभागार में विकास योजनाओं की समीक्षा, छह करोड़ की मिली मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली**। प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रमुख सरोज देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों, मुखियाओं एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क नवीकरण योजना, राशन कार्ड, सहकारिता, 15वें एवं षष्ठम वित्त आयोग की अनुपूरक राशि, पंचायत समिति योजनाओं के चयन, सामाजिक सुरक्षा, श्रम, वन, अंचल, पीएचईडी, विद्युत, पशुपालन, सिंचाई तथा जीविका से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जबकि जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंचायतों की समस्याएं रखीं। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 5 करोड़ तथा पंचायत समिति योजनाओं के लिए करीब 1 करोड़ की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायतों की सभी योजनाएं भी स्वीकृत कर दी गई हैं, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। प्रमुख सरोज देवी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से स्वीकृत राशि का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, उपप्रमुख विनोद राजवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।।

# एसपी अभिनव धीमान ने किया कौआकोल थाना का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने मंगलवार को कौआकोल थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अभिलेखों,लंबित कांडों, मालखाना, हाजत, थाना परिसर तथा पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अनुसंधानकर्ता समयबद्ध तरीके से मामलों की जांच पूरी कर आरोप पत्र समर्पित करें,ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। एसपी ने क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के धंधेबाजों,अपराधियों तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहनी चाहिए और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में नियमित एवं सघन गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी रखने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने का निर्देश दिया। साथ ही आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने और उनकी शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी निष्ठा,ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### पीड़ित परिवार से मिले पासवान एकता मंच के कार्यकर्ता

**50 लाख मुआवजे व फांसी की मांग**



**पकरीबरावां**। थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीया बच्ची के दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या को लेकर पूरे इलाके में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस दुखद और दर्दनाक घटना के बाद से ही क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में पासवान एकता मंच का एक प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोकाकुल परिजनों का हाल-चाल जाना व उन्हें ढांढस बंधाया। मुलाकात के दौरान मंच के सदस्यों ने पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली। मृतका के पिता तथा भाई ने रोते-बिलखते हुए प्रतिनिधिमंडल को घटनाक्रम की पूरी घटना बतायी। पीड़ित परिवार को इस कठिन घड़ी में हर संभव सहयोग और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पासवान एकता मंच के अवधेश पासवान, आशो पासवान, भरत पासवान, राजू आजाद पासवान,आकाश पासवान, दामोदर पासवान एवं रंजीत पासवान ने इस जघन्य अपराध पर गहरा दुख व्यक्त किया। मंच के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से 50 लाख रुपए मुआवजा की मांग की। दुष्कर्म और हत्या में शामिल सभी आरोपियों को पुलिस तुरंत गिरफ्तार करे और मामले को स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को फांसी की सजा दिलाए।

### महानिरीक्षक (मगध), गया को आवेदन देकर न्याय की गुहार

**नारदीगंज,नवादा**। नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी कपिल यादव ने पुलिस महानिरीक्षक (मगध), गया को आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नारदीगंज थाना कांड संख्या 250/2026 के मुख्य नामजद आरोपी को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपी खुलेआम क्षेत्र में घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री रूनी कुमारी की शादी वर्ष 2020 में दलेलपुर नंदग्राम गांव के विपिन कुमार से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था। जिसके बाद उसने वर्ष 2024 में दहेज प्रताड़ना का मामला न्यायालय में भी दर्ज कराया था। आरोप है कि उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई, जिसके संबंध में नौ जुलाई 2026 को प्राथमिकी दर्ज हुई। लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरोपी के ठिकाने की सूचना पुलिस को देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है । इस मामले को निष्पक्ष जांच कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# शिक्षक की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, नवादा ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने समयबद्ध प्रोन्नति, वेतन संरक्षण, सेवा पुस्तिका संधारण और बकाया भुगतान सहित कई मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशों के बावजूद जिले के किसी भी प्रखंड में 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके नियोजित एवं विशिष्ट शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। वहीं, प्रधान शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय अध्यापक बनने वाले शिक्षकों को वेतन संरक्षण का लाभ भी अब तक नहीं मिल सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीआरई-01, टीआरई-02 एवं टीआरई-03 के विद्यालय अध्यापकों की सेवा पुस्तिका खोलने के आदेश के बावजूद अधिकांश प्रखंडों में कार्य लंबित है। संघ का आरोप है कि सेवा पुस्तिका संधारण के नाम पर अवैध राशि की मांग की जा रही है, जिससे शिक्षकों में रोष है। संघ ने मांग की कि जिला मुख्यालय में प्रखंडवार शिविर लगाकर सेवा पुस्तिका संधारण कराया जाए, ताकि शिक्षकों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण रोका जा सके। जिला सचिव अजय कुमार ने कहा कि विशिष्ट शिक्षक से प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक बने शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान, नियोजित शिक्षकों के लंबित देयकों का निपटारा तथा एमएसीपी और राघवेंद्र शर्मा बनाम बिहार सरकार मामले से लाभान्वित नियमित शिक्षकों के एरियर का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका भविष्य निधि कार्यालय भेजने की भी मांग की गई।

# जानलेवा हमला मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के ऊपरटंडा में बीते 16 जुलाई की रात्रि को चाचा-भतीजा पर हुई जानलेवा हमला मामले में पुलिस बलों ने एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर शराब मामले में पांच वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि महसई निवासी सुधीर मालाकार की पत्नी रीता देवी ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताई कि उनका बेटा रौशन कुमार अपने दोस्तों के साथ नदी के तरफ घूमने गया था। इसी क्रम में ऊपरटंडा के मोहित कुमार, सौरव कुमार, विकास कुमार व सुजीत कुमार के अलावे नीचे बाजार निवासी मंटू कुमार द्वारा रौशन को भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। रौशन द्वारा विरोध करने पर उक्त पांचों लोगों द्वारा लोहे के रॉड से सिर पर मारकर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया। सूचना पर पहुंचे संजीत कुमार के सीने में भी बोतल को फोड़कर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित रीता देवी के द्वारा दिया आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में नामजद अभियुक्त श्री साव के पुत्र मंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2021 में पुलिस ने 100 लीटर शराब के साथ दो बाइकों को जब्त किया था एवं दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था,जबकि कुछ तस्कर भाग गए थे। इसको लेकर रजौली थाना कांड संख्या 294/21 में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। पुलिस ने कांड के वांछित अभियुक्त झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी तिलैया के बेलाटांड़ मोहल्ला निवासी शिवशंकर प्रसाद के पुत्र पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# अपहृत बच्ची की हत्या का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार




**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र में बच्ची के अपहरण और हत्या के मामले का नवादा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। जांच के दौरान 28 जुलाई की सुबह देवधा कॉलेज के समीप खेत से बच्ची का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच आगे बढ़ाई गई। पुलिस ने ह्यूमन इंटेलिजेंस और तकनीकी जांच के आधार पर लखनपुर निवासी धुनंदन मांझी उर्फ तेतरी मांझी को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपी ने बच्ची के अपहरण, उसके साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या कर शव खेत में फेंकने की बात स्वीकार की है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि मामले के अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है। साथ ही, पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से आरोपी को शीघ्र सजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के नरहट थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव में बुधवार को करंट लगने से लगभग 59 वर्षीय राम स्वरूप महतो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम स्वरूप महतो गांव के अपना घर के पास बिजली के पोल के समीप खड़े थे। इसी दौरान अचानक वे बिजली के संपर्क में आ गए, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलने पर नरहट थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक राम स्वरूप महतो समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद के पिता बताए जाते हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और शुभचिंतक परिजनों को सांत्वना देने उनके घर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हबीबा को दिया गया बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवार्ड



**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में एक समारोह आयोजित कर द बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवार्ड दिया गया। पंचम वर्ग की छात्रा हबीबा खातून को जुलाई माह के लिए बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवार्ड दिया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने उसे पुरस्कृत किया। गौरतलब है कि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने विद्यालयों के प्रधान को प्रतिमाह बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ एवं बेस्ट टीचर ऑफ द मंथ का आयोजन करने का निर्देश दिया है। प्रत्येक माह इससे सम्मानित होने वाले विद्यार्थी एवं शिक्षक का नाम डिस्पले करने को कहा गया है। पुरस्कार पाने के बाद हबीबा ने प्रधान शिक्षक और शिक्षकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विद्यालय में एक बेहतर शैक्षणिक माहौल बना है। बच्चे पूरे उत्साह के साथ सीखते हैं। कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो. अख्तर, शिक्षक मो. सोहराब कुरैशी, फरहत जहां, अजय कुमार विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार, तालीमी मरकज की शिक्षा सेविका नुरैसा खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

# 10 लाख की जमीन ठगी मामले में आइजी विकास वैभव का बड़ा एक्शन

## लोको पायलट की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज, आरोपित दंपति की तलाश में छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जमीन खरीद-बिक्री के नाम पर करीब 10 लाख रुपये की कथित ठगी के मामले में मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव के हस्तक्षेप के बाद मगध मेडिकल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपित दंपति की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू कर दी है। इंडियन रेलवे में गुजरात में कार्यरत लोको पायलट रमेश कुमार ने बुधवार को विकास वैभव से मिलकर लिखित शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी प्रेमा देवी उर्फ गुड़िया देवी और उपेंद्र यादव ने उन्हें एक जमीन दिखाकर एग्रीमेंट के बाद रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिया। इस पर उन्होंने अलग-अलग तिथियों में चेक, यूपीआई और आरटीजीएस के माध्यम से करीब 10 लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन न तो जमीन की रजिस्ट्री हुई और न ही उनकी राशि लौटाई गई। रमेश कुमार के अनुसार कई बार पैसे मांगने पर आरोपित टालमटोल करते रहे। उनका आरोप है कि उपेंद्र यादव ने कहा 'जो करना है कर लो, न पैसा लौटाऊंगा और न ही जमीन लिखूंगा।' बाद में किस्तों में पैसा लौटाने और नया एग्रीमेंट करने का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन गुजरात से छुट्टी लेकर गया पहुंचने पर आरोपित अपने वादे से मुकर गए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जिस जमीन का एग्रीमेंट रमेश कुमार के साथ किया गया, उसी जमीन का करीब पांच माह पहले मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के गोपी बीघा निवासी श्याम कुमार के साथ भी एग्रीमेंट कर उनसे भी रुपये लिए गए थे। यदि जांच में यह आरोप सही पाया जाता है तो एक ही जमीन का कई लोगों से एग्रीमेंट कर आर्थिक लाभ लेने का मामला सामने आ सकता है। विकास वैभव ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मगध मेडिकल थाना अध्यक्ष को तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## कैंडल मार्च निकाल सागर कुमार को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**टिकारी।** नगर परिषद् के उपमुख्य पार्षद एवं युवा समाजसेवी स्वर्गीय सागर कुमार की स्मृति में बुधवार की शाम शहर में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च तिताईगंज से शुरू होकर दुर्गा स्थान, टिकारी थाना होते हुए बेलहड़िया मोड़ तक पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर सागर कुमार के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कैंडल मार्च में नगर परिषद् के मुख्य पार्षद अजहर इमाम, विकास वर्मा, मंटू, अमित वर्मा, सुभय कुमार, सिद्धनाथ केशरी, सौरव केशरी, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। पूरे मार्च के दौरान लोगों की आंखें नम थीं और हर चेहरे पर सागर कुमार के प्रति सम्मान और श्रद्धा का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। मौजूद लोगों ने कहा कि सागर कुमार ऐसे व्यक्तित्व थे, जो हर जरूरतमंद के साथ तन, मन और धन से खड़े रहते थे। वे बेहद जिंदादिल, मिलनसार और समाज सेवा के प्रति समर्पित थे। कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में भी उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना अनगिनत लोगों की सहायता की और कई जरूरतमंदों का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों ने कहा कि समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण सदैव समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## राजस्व संग्रहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गया के मोटर वाहन निरीक्षक सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार सरकार के परिवहन विभाग ने राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए गया जिला परिवहन कार्यालय के मोटर वाहन निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। यह सम्मान उनके कुशल नेतृत्व, प्रभावी कार्यशैली और विभागीय राजस्व बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। परिवहन विभाग की ओर से जारी प्रशस्ति-पत्र में कहा गया है कि सुनील कुमार सिंह ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनके प्रयासों से विभागीय राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा परिवहन विभाग के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। इसी उपलब्धि के सम्मानस्वरूप उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन करने तथा राजस्व संग्रहण एवं परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता जताई। परिवहन विभाग ने प्रशस्ति-पत्र के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी अपनी कार्यकुशलता, प्रतिबद्धता और दक्षता के बल पर विभाग की उपलब्धियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सुनील कुमार सिंह को मिले इस सम्मान से गया जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। विभागीय कर्मियों ने इसे पूरे जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए उम्मीद जताई कि इससे अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

## चार मासूमों के सिर से उठा पिता का साया, दिव्यांग राजदेव की रहस्यमयी मौत ने खड़े किए कई सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** कुजेसर गांव के कसाई टोला में 35 वर्षीय दिव्यांग राजदेव भारती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद जहां चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, वहीं पत्नी मुनिया देवी अपने पति के शव से लिपटकर रोते-बिलखते हुए न्याय की गुहार लगाती रही। परिजनों के चीत्कार से घटनास्थल का माहौल गमगीन हो गया। राजदेव की मौत हत्या है या इसके पीछे कोई अन्य वजह, इसका खुलासा पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। राजदेव भारती जन्म से ही एक हाथ से दिव्यांग थे और चार बच्चों के पिता थे। घटना के बाद उनके मासूम बच्चे अपने पिता के उठने का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि उनके पिता अब कभी लौटकर नहीं आएंगे। गांव में मातम पसरा हुआ है और हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर राजदेव की मौत कैसे हुई। वहीं मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह अवैध शराब बेचकर परिवार का भरण-पोषण करती थी। करीब आठ दिन पूर्व शराब के लेन-देन को लेकर रानीगंज निवासी एक व्यक्ति ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। उनका कहना है कि मंगलवार की रात कुछ लोग शराब पीने घर आए थे और बुधवार सुबह घर के दरवाजे पर पति का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों का दावा है कि राजदेव की हत्या कहीं और कर शव को घर के बाहर लाकर रख दिया गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी धीरज कुमार, थानाध्यक्ष अमित कुमार, एसआई ममता कुमारी एवं योगेंद्र पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की गहन जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## मगध विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ चुनाव संपन्न, डॉ. अनुज कुमार तरुण बने अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ (सत्र 2026-27) का चुनाव विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। प्राप्त चुनाव परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर डॉ. अनुज कुमार तरुण ने भारी अंतर से जीत दर्ज की है। मतदान प्रक्रिया में डॉ. तरुण को 89 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. हरि बाबू बोड्डू को 18 मतों से संतोष करना पड़ा तथा दो मत निरस्त घोषित किए गए। इसी प्रकार संयुक्त सचिव के पद पर डॉ. अमर किशोर ने 99 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की, वहीं उनके खिलाफ खड़े डॉ. सौरव कुमार को मात्र 8 मत प्राप्त हुए और यहां भी दो मत निरस्त हुए। चुनाव प्रक्रिया में कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर प्रत्याशियों का निर्वाचन निर्विरोध रूप से भी हुआ है। निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष के पद पर डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव और आलोक रंजन का चयन हुआ है। इसके साथ ही महासचिव के अहम पद की जिम्मेदारी निर्विरोध रूप से डॉ. रवींद्र सिंह को सौंपी गई है जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर डॉ. कुमारी दीपा रानी को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। यह संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया प्राचीन इतिहास विभाग की अध्यक्षा एवं चुनाव की रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. अलका मिश्रा की देखरेख में अत्यंत शांतिपूर्ण और कुशलतापूर्वक संपन्न कराई गई। चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जीत का प्रमाण पत्र वितरित किया। नव-निर्वाचित शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई 2026 को दोपहर 2:30 बजे मगध विश्वविद्यालय, बोधगया स्थित मन्नू लाल केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित किया जाएगा।

## सीडीपीओ कार्यालय में छापेमारी, 10 हजार नकद बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** आंगनबाड़ी सेविकाओं से अवैध वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने बुधवार को आमस स्थित सीडीपीओ कार्यालय में संयुक्त छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार और एसडीपीओ संदीप कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान एक कथित दलाल के पास से करीब 10 हजार नकद बरामद किए गए। मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आमस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार कई आंगनबाड़ी सेविकाओं ने प्रशासन से शिकायत की थी कि सीडीपीओ कार्यालय का सेवानिवृत्त परिचारी गणेश झा विभिन्न सरकारी कार्यों, भुगतान और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर उनसे रुपये की अवैध वसूली करता है। शिकायतों के सत्यापन के बाद प्रशासन ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने गणेश झा के पास रखे एक पैकेट की तलाशी ली जिसमें लगभग 10 हजार नकद मिले। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई गई। बरामद नकदी को जांच के दायरे में लेते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसडीओ मनीष कुमार ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में दलालों की सक्रियता और किसी भी प्रकार की अवैध वसूली को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सीडीपीओ को निर्देश दिया कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आमस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी इस तरह की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी और दलालों तथा अवैध वसूली करने वालों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

## शेरघाटी नगर परिषद में स्वच्छता पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित, 15 अगस्त को प्रतिभागी होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी नगर परिषद कार्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के दर्जनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने चित्रों और निबंधों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारी का प्रभावी संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में गुरुकुल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय, कन्या विद्यालय, रंगलाल इंटर स्कूल, क्रेन स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच और कलात्मक प्रतिभा से स्वच्छ एवं सुंदर शहर की परिकल्पना को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी ने बताया कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से समाज में स्वच्छता का संदेश अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचता है और इससे नागरिकों में भी सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन एवं देखरेख नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी सुमित कुमार के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर चित्रकला बनाने वाले तथा उत्कृष्ट निबंध लिखने वाले छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## विद्युत चोरी को लेकर कार्रवाई, चार पर एफआइआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के खवासपुर गांव में विद्युत ऊर्जा की चोरी रोकने के लिए विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कनीय अभियंता विकास कुमार के बयान पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार रामजतन यादव पर 10,083 रुपये, शिव शंकर यादव पर 11,465 रुपये, रवींद्र यादव पर 7,598 रुपये और कौलेश्वर यादव पर 18,701 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। चारों पर कुल 47,847 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। कनीय अभियंता के आवेदन पर आंती थाने में कांड संख्या 89/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग ने कहा है कि क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्थायी लोक अदालत से मिलेगा त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार के निर्देशानुसार स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगिता सेवाएं) के संबंध में एक व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद सदर नगर परिषद क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों के त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराना है। आम जनों को संबोधित करते हुए पारा विधिक स्वयंसेवक विमल कुमार एवं अरुण कुमार सिंह ने कहा कि न्याय तक आसान पहुंच प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और स्थायी लोक अदालत इस अधिकार को व्यवहारिक रूप से सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि बिजली, जलापूर्ति, परिवहन, डाक, दूरसंचार, अस्पताल तथा, ट्रैफिक चालान मामले अन्य लोक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवादों का समाधान बिना अनावश्यक विलंब एवं कम खर्च में स्थायी लोक अदालत के माध्यम से कराया जाता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्थायी लोक अदालत में वाद दायर करने की प्रक्रिया, इसकी अधिकारिता, लाभ एवं लोक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष प्रभात कुमार त्रिवेदी ने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही आम जनों को व्यापक जानकारी प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि उच्च न्यायालय पटना के द्वारा ट्रैफिक चालान के मामले भी स्थाई लोक अदालत के माध्यम से निष्पादित करना सरल और आसान होगा और आमजन उसका लाभ उठा सकते हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा लोक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवादों के समाधान हेतु स्थायी लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठाएं। प्राधिकार सचिव ब्रजेश कुमार ने बताया कि स्थाई लोक अदालत के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में जहानाबाद एवं अरवल जिले में सभी स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से कराया जा रहा है।

## श्रावणी पूजा के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** नगर भवन में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद के द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थानाध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक वाणावर श्रावणी पूजा/मेला के मद्देनजर था। श्रावणी मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो, इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर सहित सभी संबंधित

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-24-26, दिनांक 27.07.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-24-26 के तहत ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं, बंद होने की तारीख/समय 18.08.2026 को 15.00 बजे। **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में एसएचई-जीओजीटी में ट्रैक नवीनीकरण - सीटीआर (पी) - 17.719 टीकेएम, टीटीआर - 92 सेट (60 किग्रा 1 इन 12), टीटीआर-30 सेट (60 किग्रा 1 इन 12) और टीटीआर-50 सेट (60 किग्रा 1 इन 12) के संबंध में रेल बांडिंग कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,47,79,050; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 2,95,600; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खोला जानाः** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(HWH-243/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## गुरु पूर्णिमा पर मैगरा में उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य शिव चर्चा में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डुमरिया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के मैगरा बाजार स्थित मैगरा मैदान में भव्य शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गिरी के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा और श्रद्धालुओं के 'हर-हर महादेव' तथा 'बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। शिव चर्चा में भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं ने समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु के प्रति श्रद्धा, आस्था और समर्पण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु भजन-कीर्तन और शिव नाम के संकीर्तन में भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। इस अवसर पर रिंकी देवी, विमला देवी, रीना देवी, गौरी देवी, रंजू देवी, उर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों का पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों का जिला स्तरीय पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति और उपलब्ध सुविधाओं टेक होम राशन की गुणवत्ता और शैक्षणिक गतिविधियों की जांच की गई। इस दौरान लाभुकों से संवाद स्थापित कर आंगनबाड़ी केंद्रो पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जांच की गई। साथ ही स्टॉक पंजी, वितरण पंजी और बच्चों की नामांकन पंजी सहित अन्य अभिलेख की बारीकी से जांच की गई। जिला प्रशासन अरवल मातृ शिशु स्वास्थ्य और बच्चों की कुपोषण से मुक्ति के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

## केन्द्र सरकार बारह वर्षों से वोट चोरी, पेपर चोरी कर लोकतंत्र को किया कलंकित : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** केंद्र की मोदी सरकार विगत बारह वर्षों से लगातार वोट चोरी, पेपर चोरी और चंदा चोरी जैसे घृणित कार्य करके लोकतंत्र को कलंकित, शिक्षा को तार-तार और आस्था पर विश्वासघात करने का कार्य कर रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया आदि ने कहा कि केंद्र सरकार विगत लोकसभा एवं विभिन्न विधानसभा चुनावों में वोट चोरी का खेला, खेल कर लोकतंत्र को कलंकित करने का काम करते आ रही है। साथ ही साथ पेपर लीक की घटना विगत 12 वर्षों में एक तंत्र बन गया है जिसे देश के छात्र युवा सहते-सहते अंत में जब उनके अंदर का ज्वालामुखी फटने के बाद जब संपूर्ण देश के छात्र सड़कों पर आए तो आनन-फानन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा देने का काम किया। नेताओं ने कहा कि विश्व के सनातनियों के आस्था का केंद्र बिंदु अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी की घटना से लोगों के दिलों, दिमाग में मोदी सरकार के खिलाफ भयानक गुस्सा घर कर गया है।

## अधूरी नाली निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** प्रखंड के चिलिम पंचायत के सोने खाप गांव के वार्ड संख्या 12 में लगभग एक वर्ष से अधूरी पड़ी नाली निर्माण योजना ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला परिषद मद से नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, वहीं आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर जलजमाव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य कब शुरू हुआ और किस कारण अधूरा छोड़ दिया गया, इसकी जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि योजना की लागत कितनी थी और अब तक कितनी राशि खर्च की गई, इसका कोई सूचना पट्ट भी नहीं लगाया गया है। इससे योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराते हुए अधूरे नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने तथा खर्च की गई राशि का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य मालती देवी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

## जनता दरबार में जिलाधिकारी ने दिया निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

जनता दरबार में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने भूमि, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, लोक सेवाओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों एवं जिला प्रशासन के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाना, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन को बढ़ावा देना तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को समय पर न्यायोचित समाधान उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन, अरवल जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान एवं सुशासन की भावना को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी सूचीपत्र**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एसडीएएच-पार्सल-66; **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** दिनांक 13.08.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समयः** 13.08.2026 को 14.20 बजे। **स्वतः विस्तारित जोनः** 120 सेकेंड, **स्वतः विस्तारित अवधिः** 120 सेकेंड। **प्रारम्भिक कूलिंग ऑफ अवधिः** 30 मिनट। **अनुक्रमिक लॉट समापन अंतरालः** 10 मिनट। **अधिकतम स्वतः विस्तारः** 10 बार। **विवरणः** एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल की जगह। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं./श्रेणी; ट्रिप/दिन, बंद होने की तारीख/समय** निम्नलिखितः एए/1; **13137-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएमएच-26-2** (पार्सल-एसएलआर), 157, 13.08.2026/12.30 बजे। एए/2, **13145-एसएलआर-एफ1-केओएए-आरडीपी-26-2** (पार्सल-एसएलआर), 469, 13.08.2026/12:40 बजे। एए/3, **12363-एसएलआर-एफ1-केओएए-एचडीबी-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 469, 13.08.2026/12:50 बजे। एए/4, **12317-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 314, 13.08.2026/13:00 बजे। एए/5, **22201-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-पीयूआरआई-26-2** (पार्सल-एसएलआर), 470, 13.08.2026/13:10 बजे। एए/6, **13157-एसएलआर-एफ1-केओएए-एमएफपी-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 157, 13.08.2026/13:20 बजे। एए/7, **13141-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एनओक्यू-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 1096, 13.08.2026/13:30 बजे। एए/8, **22587-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीएनआरएस-26-2** (पार्सल -एसएलआर), 470, 13.08.2026/13:40 बजे। एए/9, **12357-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 313, 13.08.2026/13:50 बजे। एए/10, **12259-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीकेएन-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 627, 13.08.2026/14:00 बजे। एए/11, **13159-एसएलआर-एफ1-केओएए-जेबीएन-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 470, 13.08.2026/14:10 बजे। एए/12, **12319-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीडब्ल्यूएल-26-1** (पार्सल-एसएलआर), 157, 13.08.2026/14:20 बजे। **दर इकाईः** सभी के लिए प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क। **न्यूनतम वृद्धि (%):** सभी के लिए 0.2। **ईएमडीः** सभी के लिए 10 ट्रिपों का बोली मूल्य (न्यूनतम 5 लाख)। **आवश्यक न्यूनतम टर्नओवरः** सभी के लिए शून्य। **लॉट की स्थितिः** सभी के लिए आरपी लंबित।

(SDAH-153/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK

संपादकीय

# क्रियान्वयन कब होगा?

पेपरलीक को लेकर दिल्ली में महीना भर चले जेन ज़ी आंदोलन का असर अब दिखाई देने लगा है। इस पूरे मामले में मोदी सरकार तेजी से एक्शन में दिखाई दे रही है। पहले सरकार ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री डॉ.धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा कराया और अब परीक्षा प्रणाली में ठोस सुधार की नीयत से उच्चाधिकार प्राप्त टास्क फोर्स बनाया है, जिसका प्रमुख जाने माने आईटी विशेषज्ञ और इंफोसिस के सह संस्थापक रहे नंदन नीलकेणि को बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर बताया नीलकेणी टास्क फोर्स की रिपोर्ट के आधार पर ही परीक्षाओं की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएंगे। पीएम ने इस मामले में सरकार द्वारा अब तक उठाए गए कदमों के बारे में कहा कि जिन लोगों ने विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है वे जेलों में सड़ रहे हैं। हम फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट बना चुके हैं। हम कल भी पार्लियामेंट में कठोर कानूनी प्रावधानों के साथ नया क़ानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन हमें भविष्य के लिए सोचना है। हमारी परीक्षा पद्धति भरोसेमंद हो, पारदर्शी हो, हमारी परीक्षा पद्धति में सबसे ज़्यादा तकनीक का इस्तेमाल हो, इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए विश्व प्रसिद्ध टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में एक हाई पावर्ड टास्क फ़ोर्स बनाने का फ़ैसला किया गया है। नीलकेणी के अतिरिक्त इस टास्क फोर्स में इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस. सोमनाथ, आईबी के पूर्व निदेशक तपन डेका, आईआईटी चेन्नई के निदेशक वी. कामकोटी, पूर्व शिक्षा सचिव अनीता करवाल और लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा को भी शामिल किया गया है। गौरतलब है कि नंदन नीलेकणी की पहचान सफलता, संपत्ति, सूचना और कॉरपोरेट स्टाइट के प्रतीक के तौर पर रही है। उनके फ़ैसले मीडिया की सुर्खियां बनते रहे हैं। पूर्व में यूपीए की डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने नीलकेणी के नेतृत्व में ही 'आधार कार्ड' की योजना शुरू की थी, जिसे बाद में मोदी सरकार ने अनिवार्य बनाया। बाद में नंदन नीलकेणी ने 2014 में कांग्रेस के टिकट पर बेंगलुरु साउथ लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़ा था, लेकिन वो मोदी लहर में बीजेपी के अनंत कुमार से हार गए थे। नीलकेणी हाल के दिनों में पर्यावरण और बायो डायवर्सिटी के मुद्दों पर काफी सक्रिय रहे हैं। उधर कांग्रेस ने मोदी सरकार द्वारा परीक्षा सुधार के लिए बनी इस हाई पावर्ड कमेटी पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इसके पूर्व मोदी सरकार ने जून 2024 में नीट-यूजी समेत कई परीक्षाओं में गड़बड़ी के बाद, मोदी सरकार ने परीक्षाओं के 'पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने' के लिए डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। अब फिर सरकार ने नीलकेणी की अध्यक्षता में नई कमेटी बनाई है। सरकार राधाकृष्णन कमेटी की 101 सिफारिशों को ही लागू नहीं कर पाई है। यहां तक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने वाली एनटीए में अभी तक पूर्णकालिक महानिदेशक तक नहीं है। उधर संसद में भी विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। यहां सवाल यह है कि क्या सरकार सचमुच पेपर लीक जैसी अत्यंत गंभीर समस्या का कोई समाधान खोजना चाहती है या फिर केवल कमेटियां बनाकर छात्रों और आम जनता को भुलावे में रखना चाहती है? असल सवाल क्रियान्वयन का है। प्रश्न यह भी है कि नीलकेणी फोर्स की सिफारिशें आने के बाद राधाकृष्णन कमेटी की सिफारिशों का क्या होगा? या दोनों की सिफारिशों की आधार पर सरकार कोई कार्रवाई करने वाली है, यह अभी अस्पष्ट है। मूल मुद्दा तो इन संस्थाओं में नैतिक रूप से ईमानदार लोगों को बैठाने का है, जिसकी कहीं बात नहीं हो रही है।

# लोकतंत्र शोर नहीं, सख्त सवालों से होगा परिपक्व

**सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों के इस दौर की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि मीडिया का पूरा ध्यान या तो वंशवादी-विरासती राजनीति के राजकुमारों पर रहता है, या फिर रोज बखेड़ा खड़ा करने वाले ट्रोल-नेताओं पर। इस तमाशे के बीच वे नेता पूरी तरह अनदेखा कर दिए जाते हैं, जो किसी राजनीतिक घराने से नहीं आते, बल्कि अपनी शिक्षा, जमीनी संघर्ष और कार्य-योग्यता के बल पर आगे बढ़े हैं। इसके कई उदाहरण मौजूद हैं। डॉ. एस. जयशंकर किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते। वे एक पूर्व नौकरशाह और कूटनीतिज्ञ हैं, जिन्होंने अपनी प्रशासनिक और बौद्धिक क्षमता के बल पर देश की विदेश नीति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। जब वैश्विक मंचों पर भारत का रुख तय करने की बात आती है, तो जयशंकर जैसे योग्य नेताओं की नीतिगत बातें 2 मिनट के क्लिप में सिमट जाती हैं। वहीं दूसरी ओर, चुनाव हारे हुए नेता जब विदेश नीति पर कोई बचकाना बयान देते हैं, तो मीडिया उस पर 2 घंटे का प्राइम टाइम डिबेट चलाता है। योग्यता को दरकिनार कर सनसनी को तरजीह दी जाती है।**

**संजय सक्सेना**

समय के साथ लोगों की सोच और नजरिया काफी बदल गया है। खासकर आज की युवा पीढ़ी में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बदलाव की वजह सोशल मीडिया और मोबाइल है, जिसमें सब कुछ खुला हुआ है। डिजिटल क्रांति और 24/7 न्यूज चैनलों ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिस युग में सुकरात और कौटिल्य जैसे विचारकों को ज्ञान और अनुभव के वर्षों बाद सम्मान मिलता था, आज रील्स और ट्वीट्स के 15 सेकेंड में हर इंसान खुद को महाज्ञानी घोषित कर चुका है। लेकिन इस पूरे तमाशे का सबसे विकृत पहलू यह है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ (मीडिया) और सोशल मीडिया के दौर ने देश के खारिज किए गए नेताओं को एक ऐसा मुफ्त का लाउडस्पीकर दे दिया है, जो बिना किसी जवाबदेही के दिन-रात बजता रहता है। जनता जिन्हें चुनाव में नकार देती है, जिन्हें जमीन पर दो लोग सुनने को तैयार नहीं होते, वही नेता शाम 8 बजे टीवी स्क्रीन पर आकर देश और दुनिया को नैतिकता और शासन का पाठ पढ़ाते हैं। मीडिया उन्हें रहनुमा की तरह पेश करता है, लंबी-लंबी बाइट्स दिखाता है, लेकिन अफसोस, उनसे एक तीखा या सही सवाल पूछने का साहस कोई पत्रकार नहीं जुटा पाता।

आज का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारिता का धर्म निभाने के बजाय पौराणिक नारद मुनि की भूमिका में आ चुका है, लेकिन एक नकारात्मक अर्थ में। मीडिया का काम अब सच उजागर करना नहीं, बल्कि दो नेताओं को स्टूडियो में आमने-सामने बिठाकर उनमें आग लगाना रह गया है। देश में स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, कृषि और वैज्ञानिक विकास जैसे बुनियादी मुद्दे अब गौण हो चुके हैं। मीडिया के लिए वही खबर प्राइम टाइम के लायक है, जो समाज में सनसनी फैलाए या नफरत का तड़का लगाए। जब कोई खारिज किया गया नेता स्टूडियो में बैठकर बेतुके दावे करता है, तो एंकर उनसे यह नहीं पूछता कि आपने अपने कार्यकाल में इस समस्या के लिए क्या किया?




या जनता ने आपको क्यों हराया? इसके बजाय, एंकर सिर्फ एक पक्ष के नेता का बयान दूसरे के सामने उछालकर बहस को गाली-गलौज का मंच बना देता है।

सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों के इस दौर की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि मीडिया का पूरा ध्यान या तो वंशवादी-विरासती राजनीति के राजकुमारों पर रहता है, या फिर रोज बखेड़ा खड़ा करने वाले ट्रोल-नेताओं पर। इस तमाशे के बीच वे नेता पूरी तरह अनदेखा कर दिए जाते हैं, जो किसी राजनीतिक घराने से नहीं आते, बल्कि अपनी शिक्षा, जमीनी संघर्ष और कार्य-योग्यता के बल पर आगे बढ़े हैं। इसके कई उदाहरण मौजूद हैं। डॉ. एस. जयशंकर किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते। वे एक पूर्व नौकरशाह और कूटनीतिज्ञ हैं, जिन्होंने अपनी प्रशासनिक और बौद्धिक क्षमता के बल पर देश की विदेश नीति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। जब वैश्विक मंचों पर भारत का रुख तय करने की बात आती है, तो जयशंकर जैसे योग्य नेताओं की नीतिगत बातें 2 मिनट के क्लिप में सिमट जाती हैं। वहीं दूसरी ओर, चुनाव हारे हुए नेता जब विदेश नीति पर कोई बचकाना बयान देते हैं, तो मीडिया उस पर 2 घंटे का प्राइम टाइम डिबेट चलाता है। योग्यता को दरकिनार कर सनसनी को तरजीह दी जाती है।

तमिलनाडु की राजनीति में के. अन्नामलाई एक ऐसा नाम हैं, जो बिना किसी राजनीतिक विरासत के आगे आए। वे एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्होंने आईआईएम से पढ़ाई की और बाद में अपनी प्रशासनिक नौकरी छोड़कर जमीन पर राजनीति शुरू की। मीडिया अक्सर ऐसे नेताओं के विजन, उनकी प्रशासनिक सोच या उनके द्वारा उठाए गए बुनियादी मुद्दों पर गहराई से रिपोर्टिंग नहीं करता। इसके बजाय, अगर कोई वंशवादी नेता अन्नामलाई पर कोई निजी टिप्पणी कर दे, तो मीडिया उस विवाद को 24 घंटे चलाएगा, लेकिन अन्नामलाई की शैक्षणिक या प्रशासनिक पृष्ठभूमि से निकले विचारों पर कोई बहस नहीं होगी। इसी प्रकार पूर्वोत्तर भारत में सर्बानंद सोनोवाल और हेमंत विश्वा शर्मा जैसे नेताओं ने बिना किसी बड़े राजनीतिक घराने के ठप्पे के, छात्र राजनीति और जमीनी संघर्षों से अपनी पहचान बनाई। मीडिया को पूर्वोत्तर के इन नेताओं के विकास मॉडल या उनकी योग्यता से ज्यादा दिलचस्पी इस बात में रहती है कि वे किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ क्या तीखा बयान दे रहे हैं। मीडिया उनकी योग्यता को तब तक तवज्जो नहीं देता, जब तक वे टीवी की टीआरपी के हिसाब से मसालेदार बयान न दें।

जो नेता अपनी नीतियों और नफरत भरी राजनीति के कारण जनता द्वारा पूरी तरह ठुकरा दिए गए हैं, उनके लिए सोशल मीडिया एक संजीवनी बूटी बन चुका है। सोशल मीडिया पर हर नेता ने अपनी एक ट्रोल आर्मी और समर्थकों का एक छोटा समूह बना लिया है। यहां वे खुद को पीड़ित और देश का सबसे बड़ा रहनुमा साबित करते हैं। पहले नेता को अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए काम करना पड़ता था। आज एक ट्वीट या फेसबुक लाइव करके कोई भी पूर्व-नेता खुद को ज्ञान का भंडार घोषित कर देता है। टीवी चैनल अब खुद से खबरें ढूंढने के बजाय नेताओं के इन्हीं ट्वीट्स और रील्स पर ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। यानी जनता द्वारा खारिज नेता ही अब मीडिया का कंटेंट तय कर रहे हैं। जब मीडिया और सोशल मीडिया का केंद्र बिंदु योग्यता के बजाय सनसनी और खारिज किए गए नेताओं का आलाप बन जाता है, तो इसके गंभीर परिणाम पूरे देश को भुगतने पड़ते हैं।

स्वास्थ्य, बेरोजगारी, शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों पर से जनता का ध्यान भटक जाता है। देश का युवा यह देखता है कि योग्यता, पढ़ाई और जमीनी काम करने वालों की जगह टीवी पर बहस करने और नफरत फैलाने वाले ही दिख रहे हैं, जिससे राजनीति का स्तर गिरता है। जब मीडिया सवाल पूछना बंद कर देता है, तो सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही जनता के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। कुल मिलाकर, आज का मीडिया और वायरल संस्कृति भले ही जनता के ठुकराए गए नेताओं को मसीहा बनाकर पेश कर रही हो, लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक लोकतंत्र के हित में नहीं है। टीवी स्टूडियोज में योग्य, पढ़े-लिखे और जमीनी संघर्ष से आए नेताओं (चाहे वे किसी भी दल के हों) को जगह देनी होगी। खारिज किए गए नेताओं की लंबी बाइट्स दिखाने के बजाय उनसे कड़े और तथ्यात्मक सवाल पूछने का साहस दिखाना होगा। जब तक मीडिया टीआरपी की हवस छोड़कर योग्यता को तरजीह नहीं देगा और जनता के असली मुद्दों पर सवाल नहीं पूछेगा, तब तक सोशल मीडिया के ये स्वघोषित ज्ञानी और ठुकराए गए नेता देश के विकास की दौड़ में अड़ंगा लगाते रहेंगे। लोकतंत्र की असली मजबूती शोर में नहीं, बल्कि सही सवाल में छिपी है।

अध्यात्म

## जब कोई हमारी कमी बताता है, तो अच्छी तरह समझें

पुराने समय की लोक कथा है। एक जंगल के किनारे एक शांत आश्रम में एक संत अपने शिष्य के साथ रह रहे थे। संत बहुत ज्ञानी और दयालु थे। वे हमेशा लोगों की समस्याएं सुनते और उन्हें सही मार्ग दिखाते थे। धीरे-धीरे आसपास के गांवों में उनके ज्ञान और अच्छे व्यवहार की चर्चा फैलने लगी। दूर-दूर से लोग अपनी परेशानियां लेकर संत के पास आने लगे। संत धैर्य से उनकी बातें सुनते और उन्हें जीवन को बेहतर बनाने के उपाय बताते।

संत की बढ़ती प्रसिद्धि देखकर उनका शिष्य बहुत प्रसन्न था। उसे लगता था कि उसके गुरु के अच्छे विचारों से लोगों का जीवन बदल रहा है। उसी गांव में एक लालची ब्राह्मण रहता था। वह वर्षों से गांव के लोगों के धार्मिक कार्य करवा रहा था। जब उसने देखा कि लोग अब संत के पास जाकर सलाह लेने लगे हैं, तो उसके मन में असुरक्षा पैदा होने लगी। उसे डर था कि कहीं लोग उसका सम्मान और महत्व कम न कर दें।

धीरे-धीरे ब्राह्मण ने संत के बारे में लोगों के बीच नकारात्मक बातें फैलानी शुरू कर दीं। वह कहने लगा कि संत केवल दिखावा करते हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। कुछ लोग उसकी बातों में आ गए और उन्होंने भी संत की आलोचना शुरू कर दी। एक दिन संत का शिष्य गांव से गुजर रहा था। उसने कुछ लोगों को अपने गुरु के बारे में गलत बातें करते सुना। वह दुखी मन से तुरंत कुटिया में पहुंचा और सारी बात संत को बता दी।

शिष्य ने कहा, 'गुरुदेव, लोग आपके बारे में गलत बातें कर रहे हैं। हमें इसका जवाब देना चाहिए।' संत मुस्कुराए और बोले, 'बेटा, जब जंगल से हाथी गुजरता है तो रास्ते में बैठे कुत्ते भौंकते हैं, लेकिन हाथी अपनी चाल नहीं बदलता। वह जानता है कि उसका लक्ष्य आगे बढ़ना है। यदि वह हर भौंकने वाले कुत्ते की ओर ध्यान देगा तो अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाएगा। ' शिष्य को संत की बात समझ आ गई। संत ने आगे कहा, 'हम अपने कर्म को अच्छा रख सकते हैं, लेकिन हर व्यक्ति की सोच को नियंत्रित नहीं कर सकते। आलोचना जीवन का हिस्सा है। '

**सीख:** जीवन में सफलता पाने के लिए हमें दूसरों की नकारात्मक बातों में उलझने के बजाय अपने लक्ष्य और कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जो व्यक्ति ईमानदारी से अपना काम करता रहता है, समय के साथ उसकी मेहनत खुद जवाब बन जाती है। आलोचनाओं से डरकर अपने कदम रोक देना जीवन की सबसे बड़ी भूल हो सकती है।

# सोनम वांगचुक और शिक्षा सुधार का एजेंडा

**जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक ने 24 जून को गुरुग्राम में केंद्र सरकार के दो मंत्रियों जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह से लिखित आश्वासन मिलने के बाद 26 दिन लंबा अनशन समाप्त किया। इसके बाद घटनाक्रम तेजी से बदला और लंबे समय से जारी छात्र आंदोलन ने निर्णायक मोड़ लिया। सरकार ने वादा किया कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में शामिल छात्रों पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होगा तथा नीट प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने पर विचार किया जाएगा। साथ ही संसद में शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के कदम उठाने की घोषणा की गई।**

**अरुण कुमार डनायक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो इंस्टाग्राम वीडियो संदेशों में फास्ट-ट्रैक अदालतों और कठोर दंड वाले विधेयक का प्रारूप तैयार होने की बात कही, हालांकि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लेकिन लगातार बैठकों और बढ़ते युवा प्रतिरोध के दबाव में अंततः 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया।

महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में उपवास केवल राजनीतिक दबाव का साधन नहीं था, बल्कि आत्मशुद्धि, नैतिक जागरण और संवाद की प्रेरणा भी था। उन्होंने अपने आंदोलनों में कभी संवाद और समझौते के द्वार बंद नहीं किए; सप्रू और जयकर जैसे मध्यस्थों ने कई अवसरों पर समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। इसी परंपरा में सोनम वांगचुक के अनशन और छात्र आंदोलन की समाप्ति को किसी पक्ष की हार-जीत नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सहमति और जवाबदेही की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जाना चाहिए।

जंतर-मंतर से शुरू हुआ छात्र आंदोलन तेजी से कई राज्यों में फैल गया और उनकी मांगें नीट प्रश्नपत्र लीक से आगे बढ़कर पूरी शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तक पहुँच गईं। छात्रों का कहना है कि केवल नए कानून पर्याप्त नहीं होंगे; संस्थागत कमजोरियों और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर ध्यान देना होगा। बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक ने उनकी मेहनत और भविष्य को असुरक्षित बना दिया है, जबकि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए छात्र सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच बढ़ती असमानता पर चिंतित हैं। पुलिस बल प्रयोग से घायल होने के बावजूद छात्रों ने आंदोलन जारी रखा, क्योंकि उनका उद्देश्य केवल एक परीक्षा का न्याय नहीं बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार है। छात्रों ने सीबीएसई मूल्यांकन प्रणाली, सीयूईटी में देरी, परीक्षा केंद्रों की अव्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र की कमजोरियों को भी गंभीर समस्याएँ बताया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक जवाबदेही का एक महत्वपूर्ण माध्यम चुनाव, संसदीय उत्तरदायित्व और आवश्यकता पड़ने पर मंत्रीस्तरीय दायित्व तय करना भी है। सरकार ने अंततः शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार कर एक कदम उठाया, हालांकि इसमें व्यक्तिगत जिम्मेदारी का स्पष्ट स्वीकार नहीं दिखता। उच्च शिक्षा विभाग में सचिव स्तर पर फेरबदल और एनटीए के संविदा कर्मियों को हटाना छात्र संगठनों के अनुसार उनकी मूल मांगों का समाधान नहीं है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के संदेश को अपर्याप्त बताते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने संसद के भीतर और बाहर शिक्षा व्यवस्था पर व्यापक चर्चा का दबाव बनाया। इस घटनाक्रम से स्पष्ट है कि विपक्ष की सरकार को चौतरफा घेरने की रणनीति सफल रही। अब जब छात्र अपने घर लौट चुके हैं, संसद के सुचारू रूप से चलने और शिक्षा सुधार जैसे दीर्घकालिक विषयों पर राजनीतिक दलों के बीच व्यापक सहमति बनने की संभावना है। फिल्म जगत, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, वकीलों,



मानवाधिकार संगठनों और नागरिक समाज के व्यापक समर्थन ने इस आंदोलन को छात्रों के दायरे से निकालकर शिक्षा सुधार और लोकतांत्रिक जवाबदेही का व्यापक सामाजिक अभियान बना दिया। भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल सरकार पर निर्भर नहीं हो सकता; इसके लिए नवाचार, जवाबदेही और उद्यमशीलता को जोड़ना होगा। देश की सबसे बड़ी पूँजी उसकी युवा जनसंख्या है, जो तभी लाभकारी बनेगी जब उसे गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिले। शिक्षा की गुणवत्ता विद्यालय के सरकारी या निजी होने से नहीं, बल्कि योग्य शिक्षकों, प्रभावी प्रबंधन और जवाबदेही से तय होती है। भवन, स्मार्ट क्लास या डिजिटल उपकरण पर्याप्त नहीं हैं; असली सुधार अच्छे शिक्षण, नियमित मूल्यांकन और शिक्षकों की जिम्मेदारी से आता है। विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तक संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था में सुधार आवश्यक है, ताकि यह अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बने। अत्यधिक नियम-कानून नए शिक्षा उद्यमियों के प्रवेश में बाधा डालते हैं; इन्हें सरल और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। आज की अर्थव्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल और रोजगार योग्य प्रतिभा का विकास है।

परीक्षा प्रणाली में सुधार हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं का विस्तार, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, बायोमेट्रिक सत्यापन और एआई निगरानी अपनाई जानी चाहिए। मूल्यांकन में स्वचालित ग्रेडिंग से परिणाम शीघ्र और निष्पक्ष होंगे। साथ ही, परीक्षा नियामक संस्थाओं को स्वतंत्र और जवाबदेह बनाया जाए। एनटीए की संस्थागत क्षमता, तकनीकी दक्षता और स्वतंत्रता को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, ताकि उच्च स्तरीय परीक्षाओं का संचालन विश्वसनीय ढंग से हो सके। बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं की ऑनलाइन प्रणाली इसकी सफलता का प्रमाण है। केवल परीक्षा प्रणाली में सुधार पर्याप्त नहीं है। जब लाखों विद्यार्थी सीमित सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा में रहेंगे, तो प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं का असर गंभीर बना रहेगा। इसलिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों और सीटों की संख्या बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है।शिक्षा व्यवस्था को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा कि किसी विद्यार्थी का भविष्य केवल एक परीक्षा पर निर्भर न रहे। इसके लिए बहु-स्तरीय मूल्यांकन, अनेक अवसर और सतत आकलन जैसी व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। भारत में प्रश्नपत्र लीक की समस्या नई नहीं है। पिछले दशक में भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में कई राज्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी घटनाएँ बार-बार हुई हैं। यह किसी एक परीक्षा या संस्था की विफलता नहीं, बल्कि परीक्षा प्रशासन की संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाता है। नीट प्रश्नपत्र लीक से शुरू हुआ यह आंदोलन अब शिक्षा सुधार के व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले चुका है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे उस उत्पन्न दबाव का प्रत्यक्ष परिणाम यदि केवल दोषियों को दंड दिलाने तक सीमित रहता है, तो इसका प्रभाव अल्पकालिक होगा। किंतु यदि इसके परिणामस्वरूप भारत की परीक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुरक्षित, जवाबदेह और छात्र-केंद्रित बनती है, तो यह भारतीय शिक्षा व्यवस्था के पुनर्गठन की ऐतिहासिक शुरुआत सिद्ध हो सकती है। आने वाले दिनों में सरकार द्वारा प्रस्तावित कानूनी और संस्थागत सुधार तथा संसद में होने वाली चर्चा यह तय करेगी कि यह आंदोलन केवल तत्काल संकट तक सीमित रहता है या दीर्घकालिक परिवर्तन का आधार बनता है। और यदि यह नीति छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों व शैक्षिक संगठनों के साथ व्यापक विमर्श से बने, न कि केवल विषय विशेषज्ञों के सुझावों तक सीमित रहे, तो यह सुधार और भी सार्थक होगा।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। लेकिन शाम काफी बेहतरीन रहने वाली है। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। इलेक्ट्रॉनिक एसेसरीज खरीद सकते हैं।

**वृषभ**
जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से सलाह न लें। अत्यधिक व्यस्तता के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।

**मिथुन**
आप मामलों को समझदारी से निपटा लेंगे। आज स्वयं को अत्यधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कर्क**
नया कारोबार शुरू करने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। किसी के भरोसे रहकर कोई काम हल्के में न लें। सभी काम सतर्कता से करेंगे।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपको एक साथ अनेक काम सम्भालने पड़ेंगे। पेटदर्द की समस्या हो सकती है। निवेश करने वालों को सावधानी रखनी चाहिये।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र का माहौल उत्तम बना रहेगा। क्रोध के कारण झगड़े हो सकते हैं। व्यापार में पार्टनरशिप को लेकर सावधानी रखें। अपने मनोभावों पर नियन्त्रण रखें।

**तुला**
व्यापार में विस्तार के लिये लोन ले सकते हैं। अपने मन को हमेशा शान्त रखें। पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन के कारण जॉब के नये अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक**
आपके स्वभाव में काफी बदलाव आयेगा। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनायें बना सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आप सक्रिय रहेंगे।

**धनु**
कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके पक्ष में रहेगा। करियर को लेकर बेहतरीन मौके मिलने के योग बन रहे हैं। रुका हुआ धन प्राप्त होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन को लेकर बड़े निर्णय ले सकते हैं।

**मकर**
स्वास्थ्य की अनदेखी करना आपको परेशान कर सकता है। आपकी कोई योजना निष्फल हो सकती है। पड़ोसियों से किसी छोटी बात पर कहासुनी होने की आशंका है।

**कुंभ**
व्यापार में बड़ी साझेदारी कर सकते हैं। घर में रिश्तेदारों और मित्रों का आगमन हो सकता है। आय के नये स्रोत विकसित होने की सम्भावना बन रही है।

**मीन**
मित्रों से परेशानियों के विषय में चर्चा कर सकते हैं। रुके पड़े कार्य को आप पूरा करने का प्रयास करेंगे। मीडिया की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आठ कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चेन्नई रवाना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित हुनर एकेडमी आर्ट्स एंड स्पोर्ट्स के 8 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चेन्नई रवाना हुए। गोजू यूं ओकिनावाकान कराटे डू एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में बिहार टीम को 01 और 02 अगस्त 2026 को चेन्नई में आयोजित 12वीं ओकिनावाकान कप राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए भेजा गया है। बिहार टीम में शामिल खिलाड़ियों में बालिका वर्ग से नंदनी यादव, प्रतिज्ञा कुमारी, शिल्पी कुमारी एवं बालक वर्ग से हरिओम यादव, अभीराज कुमार, अमन कुमार, राज गुप्ता, सूरज कुमार है। टीम के साथ कोच संतु कुमार और धनंजय कुमार खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। एकेडमी की सचिव ज्योति कुमारी और राज कुमारी देवी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सलाहकार एमडी इम्तियाज अहमद ने भी टीम को सफलता की कामना दी।इस मौके पर बिहार के महासचिव सेन्साई शत्रुजय सिंह और बिहार चीफ सेन्साई शशि सिंह ने कहा कि खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिहार का नाम रोशन करें।




### बिजली चोरी में 48 हजार का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बड़ी कार्रवाई की है। धनरुआ थाना क्षेत्र के कंटाही चक गांव में एक व्यावसायिक परिसर में स्मार्ट मीटर से पहले तार काटकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया।कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि 28 जुलाई को गठित छापेमारी दल ने छापेमारी की जांच में पाया गया कि उपभोक्ता नीरज कुमार पिता नरेश प्रसाद ने इनपुट सर्विस तार में कटिंग कर सीधे बिजली का उपयोग किया जा रहा था। परिसर का कुल भार 1031 वाट पाया गया। मौके से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार को जब्त कर लिया गया है। मीटर को उखाड़ने नहीं दिया गया। कंपनी के अनुसार इस चोरी से लगभग 48,076 रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है।विद्युत विभाग ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर दोषी पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

### नाबालिक लड़की के साथ किया छेड़छाड़

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किराना दुकान में नाबालिक लड़की को अकेले देख उससे छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदनकर्ता ने बताया कि 23 जुलाई 2026 की रात करीब 9 बजे वह खाना खाने घर गई थी। उनकी 13 वर्षीय बेटी दुकान पर अकेली थी। इसी दौरान गांव के ही शैलेश कुमार उम्र 20 वर्ष पिता स्व. सिधेश्वर रविदास सिगरेट लेने के बहाने दुकान पहुंचा और नाबालिक से अश्लील बातें करने लगा। और जबरदस्ती संबंध बनाने की बात कहा,पीड़िता के शोर मचाने पर मां मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग निकला। महिला का आरोप है कि आरोपी स्कूल आते-जाते समय भी बेटी से गंदी बातें किया करता था और अश्लील इशारे करता था। घटना के बाद आरोपी की मां से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता की मां ने पुलिस से आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कर साक्ष्य के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही छापेमारी के दौरान आरोपी युवक अभी घर से फरार चल रहा है।




### नीमा में खेत से 3एचपी सबमर्सिबल मोटर चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव में अज्ञात चोरों ने एक किसान के खेत से बोरिंग में लगी 3एचपी की समरसेबल मोटर चोरी कर ली। पीड़ित किसान ने धनरूआ थाने में आवेदन देकर जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित अविनाश कुमार उम्र 45 वर्ष पिता स्व. सत्यप्रकाश निवासी ग्राम नीमा, ने बताया कि वे अपने खेत में बोरिंग कराकर ओलिमा कंपनी की 3एचपी समरसेबल मोटर लगाकर सिंचाई करते थे। 17 जुलाई 2026 की शाम 6 बजे वे मोटर चालू कर घर लौट आए थे। 29 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे जब वे खेत पर पहुंचे तो देखा कि बोरिंग से समरसेबल मोटर गायब है। आसपास खोजबीन करने पर भी मोटर का कोई पता नहीं चला। किसान को आशंका है कि रात में अज्ञात चोरों ने बोरिंग से मोटर निकालकर चोरी कर ली है। पीड़ित ने पुलिस से चोरी की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### चार माह से फरार हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा गांव से पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में चार माह से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।चिंतामणि चक टीओपी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 157/26 में वांछित अभियुक्त मेकरा निवासी रामबली सिंह का पुत्र नवीन कुमार लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर आया हुआ है। सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया गया। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने ऑपरेशन देसी शराब के तहत अभियान चलाकर निशियावां गांव के बधार से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब 40 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज पासवान उम्र 25 वर्ष पिता रंजन पासवान और जीतन बिंद उम्र 40 वर्ष पिता स्व. कृष्णा बिंद दोनों निवासी निशियावां थाना लहसुना के रूप में हुई है।पुलिस को सूचना मिली थी कि बहियार में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री की जा रही है। छापेमारी के दौरान दोनों को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शराब बनाने और बेचने में संलिप्त अन्य लोगों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा।



### वित्त मंत्रालय के अधिकारी पर हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के भखरी गांव में वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग, मुंबई में अधीक्षक के पद पर कार्यरत धनंजय कुमार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित धनंजय कुमार पिता अरविंद कुमार मूल रूप से भकरी गांव के रहने वाले हैं।बताया जाता है की बिते 6 जून 2026 को गांव में तकरीबन 5 लोगों ने उन्हें घेरकर लाठी-डंडे से बुरी तरह मारपीट की थी। इस हमले में वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।जांच में सामने आया कि हमले की वजह अवैध मिट्टी खनन का विरोध था। आरोप है कि 31 दिसंबर 2025 को भी पांच नामजद समेत कई अज्ञात लोगों ने दरधा नदी से गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन करने का विरोध करने पर मारपीट की थी। इस मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी संतोष कुमार उर्फ विशाल कुमार पिता रामप्रवेश प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रावणी मेले में प्रशासन अलर्ट : बाबा उमानाथ मंदिर का एसडीएम-एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

#### सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेले की शुरूआत से एक दिन पहले बाढ़ अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। बुधवार को बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) गरिमा लोहिया और एसडीपीओ ने उत्तरायणी गंगा तट स्थित प्राचीन बाबा उमानाथ मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और बाढ़ अंचलाधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में अतिक्रमण हटाने पर विशेष जोर दिया। एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को जल्द से जल्द परिसर खाली करने की चेतावनी देते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वाहन पार्किंग को व्यवस्थित करने, भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम रखने पर भी बल दिया गया। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर नौका परिचालन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी यात्री शेड बनाए जा रहे हैं, पेयजल की व्यवस्था की जा रही है तथा नदी किनारे बैरिकेडिंग कराई जा रही है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नगर परिषद को मंदिर परिसर एवं आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## ए.एन. कॉलेज में भारतीय मनोविज्ञान दिवस पर डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ मंथन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के मनोविज्ञान विभाग द्वारा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से मंगलवार को भारतीय मनोविज्ञान दिवस का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय 'डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्यः अवसर और चुनौतियां' था। मुख्य अतिथि प्रोफेसर रत्ना अमृत ने कहा कि डिजिटल क्रांति ने जीवनशैली, शिक्षा और सामाजिक संबंधों में व्यापक परिवर्तन किए हैं। ऐसे समय में विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक जागरूकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित इस आयोजन की सराहना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनीता नारायण ने की। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने सूचना एवं संचार के नए आयाम खोले हैं, लेकिन इसके साथ चिंता, सामाजिक अलगाव, साइबर बुलिंग और डिजिटल लत जैसी समस्याएँ भी बढ़ी हैं। प्रोफेसर रुक्साना परवीन ने अपने व्याख्यान में अत्यधिक डिजिटल एक्सपोजर के मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय कुमार यादवेंदु ने किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका संयोजन डॉ. प्रज्ञा कुमारी एवं डॉ. संजय कुमार ने किया।

## एनएच 31चौड़ीकरण से शिवनार में लगा भीषण जामः मरीज और आम लोग घंटों तक फंसे रहे



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा के शिवनार क्षेत्र में बुधवार को पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग 31के चौड़ीकरण कार्य के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई । सड़क निर्माण के चलते यहां रुक-रुक कर भीषण ट्रैफिक जाम लग रहा है, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को घंटों फंसा रहना पड़ रहा है।इस स्थिति से दैनिक यात्री, स्कूली बच्चे, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और व्यापारी सभी प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें अपनी दिनचर्या में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सबसे चिंताजनक स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं की है। जाम की वजह से आपातकालीन परिस्थितियों में जाने वाली एंबुलेंस और गंभीर मरीज भी घंटों फंसे रह रहे हैं। एंबुलेंस चालकों को सायरन बजाने के बावजूद रास्ता नहीं मिल पा रहा है, जिससे मरीजों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया है।जाम की वजह से एक एंबुलेंस ई-रिक्शा और ट्रक के बीच घंटो फसी रही।भारी वाहनों और छोटी गाड़ियों के एक साथ फंस जाने के कारण शिवनार के पास रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है।स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान यातायात के सुचारू संचालन के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि जब तक चौड़ीकरण का कार्य पूरा नहीं होता, तब तक ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पुलिस बल की मुस्तैदी बढ़ाई जाए और आपातकालीन सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की जाए।

## बीपीएससी टीआरई 4.0 भर्ती की घोषणा पर टी सी एच एडूसर्व परिवार ने जताया आभार

#### अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक रविवार निःशुल्क मॉक टेस्ट की व्यवस्था



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी एवं शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी द्वारा बीपीएससी टी आर ई 4.0 शिक्षक भर्ती की रिक्तियों की घोषणा एवं भर्ती प्रक्रिया को गति देने की दिशा में की गई सकारात्मक पहल पर टी सी एच के निदेशक सौरव झा ने धन्यवाद व्यक्त किया है। सौरव झा ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय बिहार के लाखों शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक एवं भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे योग्य एवं प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा तथा राज्य की शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर टी सी एच एडूसर्व ने टी आर ई 4.0 के सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक रविवार निःशुल्क मॉक टेस्ट आयोजित करने की घोषणा की है जिससे उनकी तैयारी का समुचित मूल्यांकन हो सके और उनकी सफलता की संभावना मजबूत हो। संस्थान ने अब तक टी आ ई 1.0, टी आर ई 2.0 एवं टी आर ई 3.0 में 3,200 से अधिक सफल शिक्षकों को सफलता दिलाई है, जो वर्तमान में बिहार के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान द्वारा नए बैचों का शुभारंभ 6 अगस्त से संस्था की सभी शाखाओं में किया जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा पर बी.डी. कॉलेज में भारतीय मनोविज्ञान दिवस का भव्य आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी.डी. कॉलेज, पटना के मनोविज्ञान विभाग द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 'भारतीय मनोविज्ञान दिवस' का दो दिवसीय आयोजन 28 एवं 29 जुलाई, 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी के नेतृत्व में तथा डॉ. सीमा कुमारी, समन्वयक, काउंसलिंग सेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 28 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक 'भारतीय मनोविज्ञान विषयक क्विज प्रतियोगिता' आयोजित की गई जिसमें अभिराज कुमार ने प्रथम, संजना कुमारी ने द्वितीय तथा रश्मि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस 29 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक 'पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें कुमार गौरव प्रथम, रानी कुमारी द्वितीय तथा सोनम प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने कहा कि भारतीय मनोविज्ञान केवल एक अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, सकारात्मक एवं मूल्यपरक बनाने की एक सशक्त जीवन-दृष्टि है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्ष को समझकर उसे अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी ने कहा कि भारतीय मनोविज्ञान दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध मनोवैज्ञानिक विरासत से जोड़ना तथा उनमें अनुशासन, नवाचार एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। डॉ. सीमा कुमारी, समन्वयक, काउंसलिंग सेल ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## मोकामा में गुरु पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, कल से सावन की शुरूआत



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मोकामा के विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।इसी कड़ी में मोकामा के सुप्रसिद्ध तपस्वी जी गंगा घाट पर भी सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। लोग गंगा स्नान कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर रहे हैं, वहीं कई श्रद्धालु अपने गुरु की पूजा कर आशीर्वाद ले रहे हैं।कल से सावन माह की शुरूआत हो रही है, इसको लेकर भी श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग आज गंगा स्नान कर गांव और दूर-दराज के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए जल लेकर जा रहे हैं। पूरे गंगा घाट पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु गंगा स्नान कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।वहीं दूसरी ओर बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज सिमरिया घाट पर गंगा स्नान किया। इसके बाद उन्होंने चिदात्मन जी महाराज से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सिमरिया और दुखहरण बाबा हाथीदह मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर बिहार में सुख-शांति और निरंतर विकास की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ बीजेपी नेता दिलीप कुमार टुनटुन, संजय कुमार सिंह और मुखिया शशि शंकर शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सोनू हत्याकांड मामले में मुख्य अभियुक्त कालिया समेत 5 अपराधी गिरफ्तार



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विगत 24 जुलाई को ईमलीतल इलाके में 40 वर्षीय सोनू कुमार की हत्या गोली मारकर हत्या करने की गुत्थी सुलझाते हुए मुख्य अभियुक्त राजू कुमार उर्फ कालिया समेत 5 अन्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या कारण पिस्टल का विवाद बताया गया है। जानकारी देते हुए डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि दानापुर थाना अन्तर्गत ईमलीतल के पास पोस्ट ऑफिस गली में कुछ व्यक्ति के द्वारा आपसी विवाद में मारपीट एवं गोली फायरिंग की घटना घटित हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति को गोली लगने से मृत्यु हो गयी थी। इस संदर्भ में मृतक व्यक्ति के परिजनों द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर दानापुर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष दानापुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। जिसके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वैधानिक अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले मुख्य अभियुक्त राजू कुमार उर्फ कालिया को गंगा किनारे से गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही पर घटना में शामिल अन्य 5 अभियुक्त चांदमारी, शाहपुर का नारायण कुमार, ईमलीतल का बंटी कुमार, कागजी मोहल्ला का बिट्टू कुमार, भट्टी पर का सुरज कुमार एवं बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## 1.684 केजी गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

#### गुप्त सूचना पर अंचलाधिकारी की मौजूदगी में छापेमारी, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान पिपरा पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पिपरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 1.684 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया की सूचना मिली थी कि कल्याणपुर गांव निवासी शांति कुमारी पति अजय यादव अपने घर में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर रखी है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अंचलाधिकारी पुनपुन की उपस्थिति में घर की विधिवत तलाशी ली। जहां तलाशी के दौरान घर से 1.684 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। मौके से ही आरोपी शांति कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पिपरा थाना कांड संख्या-96/26, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार महिला से पूछताछ के बाद गांजा तस्करी में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारतीय मनोविज्ञान दिवस पर छात्रों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन






**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ समीपवर्ती एस.यू. कॉलेज, हिलसा के सभागार में भारतीय मनोविज्ञान दिवस के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग एवं काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में क्विज, वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। क्विज प्रतियोगिता में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग दो दर्जन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में लगभग एक दर्जन प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता एवं बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। क्विज प्रतियोगिता को पारंपरिक प्रश्नोत्तरी तक सीमित न रखते हुए इसे रोचक एवं मनोरंजक स्वरूप दिया गया। इसमें सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्नों के साथ आवाज पहचानना, विभिन्न संगीत वाद्ययंत्रों की पहचान करना तथा गीतों के माध्यम से गायकों की आवाज पहचानने जैसी गतिविधियां शामिल की गईं। इन नवाचारों ने प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया और पूरे सभागार में उत्साह का माहौल बना रहा। विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के परिणाम भी घोषित किए गए। क्विज प्रतियोगिता में मनोविज्ञान विभाग के गौतम, पीयूष, प्रभात, अजित एवं रसायन विभाग के प्रिंस, रंजन, अमित एवं रोहित, अर्थशास्त्र विभाग के समीर तथा भूगोल विभाग के विक्कू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में मनोविज्ञान विभाग के विक्रम, भौतिकी विभाग की रिया तथा भूगोल विभाग की सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

#### क्विज, वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र

क्विज प्रतियोगिता का संचालन डॉ. सम्राट सरकार एवं डॉ. संदीपा इंद्रा ने किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का संचालन डॉ. संदीपा इंद्रा तथा पोस्टर प्रतियोगिता का संचालन डॉ. पिंकी कुमारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने भारतीय मनोविज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा, भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान तथा जीवन निर्माण में गुरु की भूमिका को सरल एवं प्रेरक शब्दों में विद्यार्थियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं काउंसलिंग सेल की नोडल अधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर डॉ. रविन्द्र साह ने भी भारतीय मनोविज्ञान दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और मनोविज्ञान के व्यावहारिक महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ। अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राम-जानकी पथ का अतिक्रमण हटाने की अपील

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक से गुजर रहे एनएच-227ए राम-जानकी पथ के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। मंगलवार को निर्माण एजेंसी और प्रशासन की ओर से माइकिंग कर उन लोगों से अपनी भूमि खाली करने की अपील की गई, जिन्हें सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का मुआवजा मिल चुका है। प्रशासन ने लोगों से जल्द से जल्द



अतिक्रमण और निर्माण हटाकर सड़क निर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान कई स्थानों पर मकानों और अन्य निर्माणों को हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुआवजा प्राप्त करने के बाद भी यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि राम-जानकी पथ का निर्माण पूरा होने से वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। इससे आवागमन आसान होगा और व्यापार एवं क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

### जर्जर सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, बड़ा हादसा टला

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के घोघिया गांव में मंगलवार को जर्जर सड़क पर एक ई-रिक्शा पलट गया। संयोगवश हादसे के समय ई-रिक्शा में कोई सवारी नहीं थी, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गांव की सड़क लंबे समय से बदहाल है। बरसात के



दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा पलट गया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से जर्जर सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### शराब के नशे में दो गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत एकडीपुर गांव में छापेमारी कर शराब के नशे में पाए गए दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरज महतो और मंटू महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों की चिकित्सीय जांच कराई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में छपरा मंडल कारा भेज दिया गया। थाना पुलिस ने बताया कि शराबबंदी कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने के लिए क्षेत्र में लगातार छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान जारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले 3,369 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा थाना क्षेत्र के गंजपर गांव में 28 मार्च 2026 को हुए आपसी विवाद में गोलीबारी कर हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।वादी शमशेर सिंह के बयान पर गंजपर के 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में फरार चल रहे धनराज कुमार उर्फ धनंजय कुमार पिता रविंद्र पासवान निवासी गंजपर थाना केवड़ा ओपी पुनपुन को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर दो अलग-अलग कांड दर्ज हैं। कांड संख्या 172/26 के तहत 27 आर्म्स एक्ट एवं कांड संख्या 173/26 के तहत 25आर्म्स एक्ट शामिल है।थाना प्रभारी ने बताया कि 28 मार्च की घटना में आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की गई थी जिसमें एक व्यक्ति बाल-बाल बचा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है।

### 414 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब बरामद

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रक्सौल थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 414 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की गई। पुलिस को भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, रक्सौल थाना क्षेत्र के सिसवा गांव स्थित भारत-नेपाल सीमा पर रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध वाहन दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही तस्कर वाहन छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। तलाशी लेने पर वाहन से 414 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की गई। रक्सौल थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो ने बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि शराब को जब्त कर लिया गया है तथा फरार तस्कर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस लगातार गश्त और विशेष अभियान चला।

### स्कूटी से 30 लीटर देसी शराब बरामद

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के मानिकपुर गांव के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने स्कूटी से 30 लीटर देशी शराब बरामद करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब ले जा रही स्कूटी को भी जब्त कर लिया। बताया गया है कि एकमा थाना के एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा।

# एकमा में कक्षा 4 से 8 तक के एफएलएन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों की भाषा एवं गणित विषय में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एकमा प्रखंड के अतरसन पंचायत स्थित सीआरसी अतरसन अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, अतरसन परिसर में एक दिवसीय एफएलएन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सीआरसी अतरसन के अंतर्गत आने वाले सभी नवसृजित प्राथमिक, प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के नामित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण





कार्यक्रम का शुभारंभ मास्टर ट्रेनर शुचिता कुमारी, सीआरसी समन्वयक रविन्द्र कुमार सिंह, संचालक सह प्रधानाध्यापक रमेश प्रसाद तथा शिक्षक मृत्युंजय कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति भी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर शुचिता कुमारी ने एफएलएन अभियान की अवधारणा, उद्देश्य एवं प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भाषा एवं गणित विषय में विद्यार्थियों की आधारभूत दक्षताओं के आकलन की प्रक्रिया, विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति तथा अधिगम परिणामों में सुधार की विभिन्न रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की वास्तविक सीखने की स्थिति का मूल्यांकन कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण योजना तैयार करना है। शिक्षक मृत्युंजय कुमार चौबे ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक की सक्रिय भागीदारी से ही बच्चों में पढ़ने, लिखने एवं गणना करने की बुनियादी क्षमता को मजबूत बनाया जा सकता है। वहीं सीआरसी संचालक रमेश प्रसाद ने प्रतिभागी शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं तकनीकों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए एफएलएन अभियान को सफल बनाने तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में अपेक्षित सुधार लाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रमणि सिंह, अमितेश कुमार सिंह, कुमारी तनुजा, माया कुमारी, तनु कुमारी, खुशबू कुमारी, दीपक साह, कुमारी लवी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

## कमरे में फंदे से लटका मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजापाकर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव में एक अधेड़ व्यक्ति का शव उसके बंद घर में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब कई दिनों से बंद पड़े घर से तेज दुर्गंध आने लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना राजापाकर थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मौजूदगी में घर का दरवाजा खुलवाया। घर के अंदर करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव गले में रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। शव काफी हद तक सड़-गल चुका था, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई थी।मृतक की पहचान बैकुंठपुर निवासी गरीबन पासवान (50), पिता स्वर्गीय जगरनाथ पासवान, के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह फेरी लगाकर ब्रेड बेचकर अपना जीवनयापन करते थे और घर में अकेले रहते थे। स्थानीय लोगों के



अनुसार, पिछले दो-तीन दिनों से गरीबन पासवान गांव में दिखाई नहीं दे रहे थे। किसी ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब घर से बदबू आने लगी तो लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया। राजापाकर थाना पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। घटना के बाद बैकुंठपुर गांव में शोक का माहौल है और पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## रक्सौल में गुरु पूर्णिमा पर निकली जगतगुरु सेवक संजय नाथ की भव्य रथ यात्रा

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को रक्सौल में जगतगुरु वामाचार्य सेवक संजय नाथ की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत और काली सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए। रथ यात्रा का शुभारंभ शहर के प्रसिद्ध काली मंदिर से हुआ। इसके बाद यात्रा आश्रम रोड, मेन रोड होते हुए कोइरिया टोला पहुंची और पुनः काली मंदिर परिसर के समीप आकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रथ का स्वागत किया तथा जगतगुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्वती तिवारी ने किया। इस अवसर पर दूर-दराज से पहुंचे साधु-संतों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी से शहर में आध्यात्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों लगाया हत्या का आरोप

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के नवाटोला मधुरापुर गांव में 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सुंदरी देवी, पति अनिल राय के रूप में हुई है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। मृतका के पिता अशरफी राय, निवासी सरायपुर (गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र), ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उनका कहना है कि हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को सिक्स लेन पुल से नदी में फेंक दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मृतका का पति अनिल राय नशे का आदी था और अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। सुंदरी देवी अपने पीछे



दो छोटे बच्चों एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गई हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की जांच में जुटा है। इधर, घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल मृतका के पिता के आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। हत्या के आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

## मोतिहारी नगर निगम की बैठक में जल-निकासी, स्ट्रीट लाइट अनुरक्षण एवं हाई मास्ट लाइट लगाने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम मोतिहारी की बोर्ड बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, जल-जमाव की समस्या के स्थायी समाधान, शहर की स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी जल-जमाव प्रभावित क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा करते हुए वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए समुचित जल - निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए मुख्य नालों एवं गली-मोहल्लों की नालियों की वार्डवार सूची तैयार कर रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से नाला सफाई कराई जाएगी, जिससे जल-निकासी बाधित न हो तथा जल-जमाव की समस्या का प्रभावी समाधान हो सके। प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन न्यूनतम चार सफाई कर्मियों द्वारा सूचीबद्ध नालों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी तथा इसकी नियमित निगरानी संबंधित स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड जमादार द्वारा की जाएगी। जिन क्षेत्रों में नाला सफाई एवं जल-निकासी कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाएगा, वहां संबंधित स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड जमादार एवं कार्यदायी एजेंसी की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई एवं नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में अधिष्ठापित एलईडी स्ट्रीट लाइटों की समीक्षा कर खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की सूची तैयार कर उनका अविलंब अनुरक्षण एवं मरम्मत कराने पर विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा के दौरान स्ट्रीट लाइट अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य कर रही एजेंसी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया गया। एजेंसी द्वारा लगातार लापरवाही बरते जाने एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किए जाने के कारण संबंधित एजेंसी के साथ किए गए अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य के अनुबंध (एग्रीमेंट) को निरस्त करने पर विचार किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि आवश्यक वैधानिक एवं विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत नगर निगम अपने स्तर से स्ट्रीट लाइटों के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा, ताकि नागरिकों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में यह भी विचार किया गया कि बुडको द्वारा नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र के छतौनी बस स्टैंड, छतौनी पायल सिनेमा चौक, मधुबन छावनी चौक, मीना बाजार चौक, ज्ञानबाबू चौक, गाजागढ़ी चौक, चमरपट्टी चौक, जानपुल चौक, बलुआ चौक,

## 16 करोड़ की लागत से बन रहे अस्पताल में महाघोटाला

**मौत की इमारत में तब्दील हो रहा प्रखंड स्तरीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय के जितना थाना के समीप लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से प्रखंड स्तरीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य इस सीमावर्ती और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना था, ताकि गरीब जनता को इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर न काटने पड़ें। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि धरातल पर योजना का लाभ मिलने से पहले ही यह निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। सोशल मीडिया और स्थानीय लोगों द्वारा साझा की गई जानकारियों के मुताबिक, निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री सीमेंट, गिट्टी, बालू और छड़ की गुणवत्ता बेहद घटिया है। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि पिलरों में मानक के अनुसार समाग्री नहीं भरा जा रहा है, बल्कि आधे-अधूरे तरीके से ढलाई कर-के पिलर खड़े किए जा रहे हैं।

## सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले के बैंकर्स के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत लोन स्वीकृति एवं निष्पादन से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह



बैठक जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक नए आवेदन प्राप्त करने हेतु उपभोक्ताओं को व्यापक रूप से जागरूक करें, ताकि योजना का लाभ अधिकतम पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।साथ ही उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लोन से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने बैंकों से यह भी अनुरोध किया कि वे लंबित लोन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपलब्ध डाटा के आधार पर पुराने आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि या विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने बैठक में यह भी निर्देश दिया कि जिला प्रशासन, विद्युत विभाग एवं बैंकिंग संस्थानों के बीच निरंतर संवाद एवं बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने किया स्टेनलेस स्टील एवं एल्युमिनियम बर्तनों के निर्माताओं हेतु उद्योग बैठक का

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), पटना शाखा कार्यालय द्वारा कल दिनांक 28.07.2026 को शाखा कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आईएस 14756:2024 - स्टेनलेस स्टील कुकवेयर, आईएस 13983:1994 - घरेलू उपयोग हेतु स्टेनलेस स्टील सिंक तथा आईएस 1660:2024 - रॉट एल्युमिनियम बर्तनों के निर्माताओं के लिए एक उद्योग बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। चंद्रकेश सिंह, प्रमुख एवं निदेशक, बीआईएस पटना शाखा कार्यालय ने भारतीय उद्योग, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करने हेतु बीआईएस द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उद्योगों के लिए सरल एवं समन्वयित लाइसेंस प्रक्रिया, प्रयोगशाला अवसंरचना संबंधी रियायतें तथा पात्र एमएसएमई इकाइयों के लिए शुल्क में रियायत जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि आईएस 14756:2024 (स्टेनलेस स्टील कुकवेयर) तथा आईएस 13983:1994 (घरेलू उपयोग हेतु स्टेनलेस स्टील सिंक) के अंतर्गत आने वाले उत्पादों पर पहले से ही अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन लागू है।

## पांच लाख रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का आरती पूजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीकरिया फार्मेसी कॉलेज नर्सिंग कॉलेज के परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उद्योगपति भाजपा युवा नेता यमुना सीकरिया, उप-महापौर लालबाबू प्रसाद, प्रिंसिपल प्रीति दुबे सहित सभी शिक्षक छात्र एवं छात्राओं के द्वारा सीकरीया फार्मेसी कॉलेज नर्सिंग कॉलेज परिसर में स्थित पांच लाख रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग की आरती पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने



बताया शिव समस्त विश्व के गुरु हैं। तभी गुरु पूर्णिमा से सावन की शुरुआत होती है। महादेव ने मानव जाति को योग दिया। सभी देशवासियों को नियमित योग करना चाहिए ताकि हमें डॉक्टर हॉस्पिटल की जरूरत नहीं पड़े। मोदी जी ने योग को विश्व स्तरीय पहचान दी है। लालबाबू जी ने कहा महादेव ही सबसे बड़े गुरु हैं। शिवजी के आशीर्वाद से भारत को विश्व गुरु बनाने में मोदी जी लगे हुए हैं। सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

### रेत के कणों से रचा विश्व इतिहास

## चंपारण के लाल मधुरेंद्र कुमार का नाम फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज, नीतीश कुमार ने किया सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के चंपारण की मिट्टी से निकलकर वैश्विक पटल पर अपनी कला का जादू बिखेरने वाले रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपनी अद्भुत रचनात्मकता और सामाजिक विषयों पर उकेरी जाने वाली रेत कलाकृतियों के लिए वे दुनिया भर में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी कला एवं जन-जागरूकता आधारित रचनात्मक कार्यों को सम्मान देते हुए फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उनका नाम दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि पर पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड आवास पर एक विशेष समारोह में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा के सदस्य नीतीश कुमार को अंतर्राष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह, मैडल एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रशस्ति पत्र देकर कहा सम्मानित करते कहा कि मधुरेंद्र कुमार बिहार के एक पहले इकलौते अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेत कलाकार हैं, जिनकी कला मुख्य रूप से सरकार की नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर केंद्रित रहती है। हम इनके उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामना देते हैं। वहीं फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्री टॉम वाशिंगटन ने बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा साल 2005 से 2026 तक कुल 16 राजनीतिक और प्रशासनिक यात्राएं (जैसे- न्याय यात्रा, निश्चय यात्रा, समाधान यात्रा, प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा आदि) जैसी बिहार सरकार की जन- कल्याणकारी योजनाओं को बिहार के सभी जिलों में जाकर लोगों को जागरूक करने के लिए मधुरेंद्र कुमार ने 100 से अधिक रेत की कलाकृतियां बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अपनी कलाकृतियों के जरिए नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनमोहक आकृतियां (रेत की मूर्तियां) बनाकर जनता के सामने प्रस्तुत किया है। स्वयं सीएम और पीएम ने उनकी इस कला की प्रशंसा की।



## छपरा घटना के विरोध में काली पट्टी बांधकर काम कर रहे बीडीओ

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा में छात्र आंदोलन के दौरान विधि व्यवस्था संधारण में ड्यूटी के दौरान दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के विरोध में राज्यभर के बीडीओ काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य कर रहे हैं।इसी क्रम में बनकटवा प्रखंड के बीडीओ श्याम कुमार ने भी काली पट्टी बांधकर विरोध जताया उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ नियमित सरकारी कार्य करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जता रहे हैं। संघ की मांग है कि प्रत्येक बीडीओ को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराए जाएं, उनके साथ प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति हो तथा ड्यूटी के दौरान घायल होने पर बेहतर से बेहतर इलाज, बीमा और क्षतिपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इन मांगों को लेकर बिहार ग्रामीण विकास सेवा पदाधिकारी संघ ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

**मोतिहारी/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत तथा जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आज





'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन मोतिहारी के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी, जिला युवा पदाधिकारी सुश्री अंकिता, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी फारुख सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी

**विजेता अब करेंगे राज्य स्तर पर पूर्वी चंपारण का प्रतिनिधित्व**

अतिथियों ने युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया तथा "नशा मुक्त भारत" के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा क्लबों एवं संस्थानों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं ने अपने विचार, रचनात्मकता एवं सामाजिक सरोकारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, स्लैम पोएट्री, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं वोकल म्यूजिक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं वाद-विवाद में रितिक राज स्लोगन लेखन में खुशी कुमारी स्लैम पोएट्री में विकास वर्मा,पेंटिंग में सुमित वर्मा, नुक्कड़ नाटक में RDPG रामगढ़वा की टीम नृत्य में प्रथम स्थान रेशमा देवी स्कूल वोकल म्यूजिक में एम.जे.के. गर्ल्स, मोतिहारी। कार्यक्रम के समापन समारोह में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

## एक नजर

### विभिन्न मामले में पुलिस ने सात लोगों को भेजा जेल

**हसपुरा।** हसपुरा पुलिस विशेष छापामारी अभियान चलाकर मारपीट मामले सहित विभिन्न मामले में सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें धमनी गांव के चुनु कुमार को कांड संख्या 272 / 26 में बाल सुधार गृह गया जी तथा छः लोगों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में पेश कर अनुमंडल कारा दाउदनगर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 272 / 26 के मुख्य आरोपित सुबोध कुमार, कांड संख्या 155 / 26 के अभियुक्त जमाल विगहा के कृष्णा यादव सहित अहियापुर गांव के एनबीडब्ल्यू वारंटी अरविंद कुमार , हरी विगहा के गनौरी यादव , रामलगन यादव , धर्मेंद्र कुमार को न्यायिक हिरासत में पेश कर पुलिस ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापामारी अभियान बराबर चलता रहेगा और प्राथमिकी मामले में गैर जमानतीय नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तारी होती रहेगी।

### संजीव सिंह बने कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष




**मदनपुर।** कांग्रेस कमेटी मदनपुर प्रखंड इकाई का प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह को बनाए जाने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश राम एवं बिहार कांग्रेस प्रभारी महासचिव कृष्णा अलावरू के द्वारा पटना में दो दिवसीय प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के बाद प्रमाण पत्र दिया गया। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बनाने पर संजीव कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व एवं राज्य नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसे हर हाल में पूरा करूंगा। बधाई देने वालों में इन्द्र देव भुईयां, मनोज सिंह, मो. जावेद अंसारी, योगेन्द्र सिंह, पदुमदेव सिंह, नरेन्द्र सिंह, उग्रह सिंह, मो. नेजाम, धीरेन्द्र सिंह, मो. गुडु अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकताओं ने बधाई दिया। सभी ने यह कामना की कि मदनपुर प्रखंड में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड कांग्रेस कमेटी को पार्टी कार्यकताओं से सहयोग से मजबुत करेंगे।

### चार राजस्व कर्मियों का तबादला, दो को मिली नई जिम्मेदारी

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अंचल में कार्यरत चार राजस्व कर्मचारी का स्थानांतरण हो गया है। इनके जिम्मे में 12 पंचायत का दायित्व था। अब इन सभी का पंचायत का काम दो राजस्व कर्मचारी को सौंपा गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी दाउदनगर द्वारा बुधवार को पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार राकेश पटेल का भोजपुर स्थानांतरण हुआ है। इसके जिम्मे दाउदनगर, करमा और कनाप पंचायत का दायित्व था। आशुतोष कुमार का स्थानांतरण समस्तीपुर हुआ है। जिनके जिम्मे अंकोढ़ा मनार और तरार पंचायत का दायित्व था। इन छह पंचायतों का काम अब परमेश्वर मोची देखेंगे। इसकी जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। इसी तरह कैमूर स्थानांतरित किए गए राहुल सिंह के जिम्मे संसा, चोरी और अरई तथा दरभंगा स्थानांतरित धीरज कुमार यादव के जिम्मे तरारी, बेलवां और सिंदुआर पंचायत था। इन छह पंचायतों की नई जिम्मेदारी देवेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

### दो दिवसीय गुरू महोत्सव का आयोजन

रफीगंज। रफीगंज के विशम्भरपुर गांव के ठाकुरबाड़ी परिसर में गुरु पूर्णिमा को लेकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दो दिवसीय गुरू महोत्सव का आयोजन किया गया। सैकड़ो श्रद्धालुओं एवं शिवयोगियो ने अवधुत शिवानन्द बाबा के तस्वीरों के पास धुमधाम के साथ पूजा-अर्चना की। बुधवार को गुरूपूजन, गुरूखंड पाठ, साधना, भजन, नौ कुवांरी पूजन, बाल भंडारा एवं रात्रि में प्रवचन एवं वृहस्पति वार को रुद्राभिषेक, एवं सामुहिक भंडारा किया गया।इस मौके पर अवकाश प्राप्त शिक्षक ललन प्रसाद सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, धरमेन्दर सिह,, सुनील सिह,मुखिया बिरजा ठाकुर, श्यामसुन्दर शर्मा, प्रतिनिधि पिन्टू कुमार, गुडू पासवान बलि पासवान, बैदयनाथ पासवान, अनिल कुमार, जवासर प्रजापति ,मदन राम, अरूण पाठक, अजीत मिश्रा,संजय मिश्रा, परशुराम पासवान, विनोद यादव, अवधेश कुमार यादव, श्रवण शर्मा, शत्रुध्न प्रसाद सिंह, सहित सैकड़ों शिवयोगी महिला -पुरुषों ने हिस्सा लिया।

### नशे की हालत में एक व्यक्ति गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने मद्यनिषेध अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए खरोखर गांव से एक व्यक्ति को शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान खरोखर गांव निवासी राहुल सिंह के रूप में हुई है। चिकित्सीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद उसके विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### 20 सूत्री की बैठक में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर उठे सवाल

**हरनौत।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को 20 सूत्री समिति की बैठक अध्यक्ष रविकांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हरनौत विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिनारायण सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. पंकज कुमार और सीओ रीता कुमारी ने विधायक का बुके देकर स्वागत किया। बैठक में जनहित और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, लेकिन कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण संबंधित योजनाओं की समीक्षा नहीं हो सकी। सीडीपीओ, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी और एमओ समेत कई अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर समिति के सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदस्यों ने कहा कि अधिकांश बैठकों में अधिकारियों की गैरहाजिरी से जवाबदेही प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों की समीक्षा अधूरी रह जाती है। विधायक हरिनारायण सिंह ने सभी विभागों को जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनि■त करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ डॉ. पंकज कुमार, सीओ रीता कुमारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन, विद्युत कनीय अभियंता मनीष कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

### वांछित आरोपित 399 सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** नालंदा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कतरीसराय थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में मोबाइल फोन, सिम कार्ड, पेन ड्राइव और बैंक का एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई को थानाध्यक्ष कतरीसराय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गिरियक (कतरीसराय) थाना कांड संख्या 342/24 के वांछित अभियुक्त सुजीत कुमार पिता अर्जुन प्रसाद, निवासी लोहराजपुर को अहियाचक से लाल बिगहा जाने वाली सड़क स्थित एक तीन मंजिला मकान से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से 06 मोबाइल फोन, विभिन्न कंपनियों के 399 सिम कार्ड, 04 पेन ड्राइव तथा एयरटेल पेमेंट्स बैंक का एक एटीएम कार्ड बरामद किया गया। पुलिस ने सभी बरामद सामानों को जब्त कर लिया है।पुलिस का कहना है कि बरामद सामग्री के आधार पर मामले के विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए

# पांच दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए 28 जुलाई से 1 अगस्त तक आयोजित पांच दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, विभिन्न विभागों, उपलब्ध संसाधनों, संस्थान की कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं तकनीकी शिक्षा की संस्कृति से परिचित कराते हुए उनके समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि इंडक्शन प्रोग्राम विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, नवाचार, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से परिश्रम, सकारात्मक सोच एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाकर अपने शैक्षणिक जीवन को सफल बनाने का आ■न किया। कालेज के रजिस्ट्रार डॉ. राय



चन्द्र शेखर प्रसाद ने अपने संबोधन में छात्रों को कालेज के प्रशासनिक ढाँचे, संस्थान के नियमों एवं छात्र सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्हें अनुशासन एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने शैक्षणिक जीवन का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अकादमिक प्रभारी प्रो. चंदन कुमार ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम संरचना, परीक्षा प्रणाली, क्रेडिट आधारित शिक्षा प्रणाली तथा अकादमिक उत्कृष्टता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, नवाचार एवं शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। 28 जुलाई 2026 से 01 अगस्त 2026 तक आयोजित इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, आधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, नवाचार एवं उद्यमिता गतिविधियों, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, छात्र कल्याण योजनाओं तथा एंटी-रैगिंग नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त योग, स्वास्थ्य एवं मानसिक कल्याण, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, पर्यावरण संरक्षण, मानव मूल्य तथा कैरियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इंडक्शन प्रोग्राम के सफल आयोजन में समन्वयक प्रो. आरती कुमार, डॉ. राकेश रोशन, प्रो. जितेंद्र कुमार यादव एवं डॉ. प्रमोद कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समन्वयकों ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए उन्हें शैक्षणिक, तकनीकी एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पांच दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा तथा उन्हें एक कुशल अभियंता, जिम्मेदार नागरिक एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला युवा बनने के लिए प्रेरित करेगा।

# छात्रों का भविष्य केवल कानून से नहीं होगा सुरक्षितः

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने लोकसभा में बहस के दौरान लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026- पर अपनी बात रखी। स्पष्ट कहा कि देश के युवाओं का भविष्य केवल कड़े कानून बना देने से सुरक्षित नहीं होगा। जब तक परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और विश्वसनीय नहीं बनेगी, तब तक पेपर लीक, परीक्षा में अनियमितताओं और लाखों छात्रों के साथ होने वाले अन्याय पर प्रभावी रोक संभव नहीं है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निष्पक्ष परीक्षा प्रत्येक छात्र का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी केवल दोषियों को सजा देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि ऐसी व्यवस्था सुनि■त करनी चाहिए जहां हर छात्र बिना भय, भेदभाव और भ्रष्टाचार के अपनी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त कर सके। लोकसभा में इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के दौरान सांसद राजाराम सिंह ने युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाते हुए पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायपूर्ण परीक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो, परीक्षा प्रणाली पारदर्शी हो, और शिक्षा व्यवस्था पर देश का विश्वास कायम रहे, यही हमारी प्रतिबद्धता है।

# ट्रक से कुचलकर सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

**लगभग 200 मीटर बाइक को घसीट कर ले गया ट्रक**

दाउदनगर (औरंगाबाद) । पटना-औरंगाबाद पथ पर कुर्बान बिगहा के पास बुधवार की सुबह एक ट्रक ने बाइक सवार को कुचल कर मार डाला। बाइक सवार भखरुआं से औरंगाबाद रोड में जा रहे तब पीछे से ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस पर सवार सेवा निवृत शिक्षक की मौत हो गई। उनकी पहचान शहर के रामनगर वार्ड संख्या-16 निवासी 63 वर्षीय विजय सिंह के रूप में हुई है। वे लगभग दो वर्ष पूर्व शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी पत्नी भी शिक्षिका हैं। वे ओबरा प्रखंड की मझियांवा पंचायत के जमुहारा स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत हैं। इन दिनों वे दाउदनगर के प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रही थीं। पत्नी को वे बाइक से तरारी ओवर ब्रिज होते हुए बीआरसी



पहुंचा कर वापस लौट रहे थे, तब यह हादसा हुआ। लौटते समय उन्होंने घर के लिए सब्जी और फल भी खरीदा था। बताया जाता है कि ट्रक चालक ने बाइक को लगभग 200 मीटर तक घसीटा। ग्रामीणों ने पीछा कर ट्रक को पकड़ लिया। बताया गया कि उनके परिवार में पत्नी और एक पुत्र हैं। पुत्र ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर के अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार, एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

# बारुण और कंचनपुर थानों की अनूठी पहल से स्कूली बच्चे हुए जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार पुलिस द्वारा राज्य में कानून का राज स्थापित करने और जमीनी स्तर पर जन-जागरूकता फैलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विधि पालक के तहत जिले में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज बारुण एवं कंचनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों द्वारा स्थानीय विद्यालयों में विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी और स्कूली बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बनने के साथ-साथ खुद को सुरक्षित रख सकें। आज के डिजिटल युग में बच्चे और युवा तेजी से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल, अनजान लिक पर क्लिक न करने और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। साथ ही, साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। तस्करों द्वारा भोले-भाले बच्चों



और किशोरों को बहला-फुसलाकर महानगरों में बेचने के कुप्रयासों के प्रति बच्चों और शिक्षकों को सतर्क किया गया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनः महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनी प्रावधानों, पॉक्सो एक्ट और आपातकालीन सहायता सेवाओ डायल 112 और महिला हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बारुण और कंचनपुर थाना की महिला पुलिस पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कानून का डर नहीं, बल्कि कानून की जानकारी ही सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल है। जागरूकता कार्यक्रम से स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने सुरक्षा से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिनका पुलिस कर्मियों ने सरल भाषा में जवाब दिया। स्थानीय लोगों और विद्यालय प्रबंधन ने बिहार पुलिस के इस सकारात्मक कदम की प्रशंसा की है।

# गुरु पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**हसपुरा।** हसपुरा औरंगाबाद गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आनंद संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में हसपुरा इटवां रोड़ में भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चंदन कुमार एवं आदित्य राज द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गुरु वंदना ₹गुरुवर चरणों में दे दो ठिकाना मुझे₹ से हुआ, जिसने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इसके उपरांत गुरु अर्जुन सिंह आनंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार ने की, जबकि मंच संचालन बिपिन कुमार ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। गुरु ही व्यक्ति



के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करना सीखती है।मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार शम्भू शरण सत्यार्थी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु के प्रति आस्था, सम्मान और समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही मनुष्य ज्ञान, संस्कार और जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु के प्रति सदैव आदर और कृतज्ञता का भाव बनाए रखना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य राज, सुशील कुमार, ज्ञान रंजन, सुजीत कुमार, सोनू कुमार, सिंटू कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

## गुरु पूर्णिमा पर अपनी एक बुराई का किया त्याग

# गायत्री प्रज्ञा पीठ में हुआ आयोजन





नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को पचकठवा देवी मंदिर स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेद माता गायत्री ट्रस्ट के तहत हुए आयोजन में वैदिक विधि से गुरु के प्रति श्रद्धालुओं ने अपना समर्पण व्यक्त किया। बताया गया कि यहां उपस्थित हर स्त्री-पुरुष ने अपने अंदर की एक बुराई का त्याग किया। इसे गुरु दक्षिणा के रूप में दे दिया। अच्छे जीवन का संकल्प लिया ताकि समाज को बेहतर बना सकें।

मुख्य ट्रस्टी विद्यासागर और बलदेव प्रसाद, अरुण कुमार, बिंदु देवी ने बताया कि वसुधेव कुटुंबकम की भारतीय अवधारणा को व्यापक बनाने के लिए यह कार्यक्रम किया गया।

आपस में भाईचारा रहे, किसी प्रकार का कोई जाति भेदभाव ना हो, इसलिए आयोजन हुआ। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। लगभग 300 स्त्री पुरुष इसमें शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। प्रसाद का वितरण हुआ। चंदन कुमार, पनचून विश्वकर्मा, परिवाचक राजीव कुमार एवं अनुराधा देवी, अंजू लता, अंजू कुमारी समेत कई महिलाएं शामिल हुईं।

### जन-सुनवाई में डीएम ने दिखायी सख्ती

बिहारशरीफ। समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जन-सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे 31 फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कई मामलों में मौके पर ही सख्त निर्देश जारी किए।जन-सुनवाई में सबसे अधिक भूमि विवाद और राजस्व से जुड़े मामले सामने आए। हिलसा अनुमंडल के भूमि विवादों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। नगर निगम की नाली क्षतिग्रस्त करने की शिकायत पर नगर आयुक्त को जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनि■त करने को कहा गया।वर्षों से लंबित भूमि विवाद, जमाबंदी सृजन, खेत की मापी तथा गैर मजरूआ आम भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़े मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश अपर समाहर्ता एवं जिला राजस्व शाखा के अधिकारियों को दिया गया।

# एफएलएन एवं टीचिंग एट द राइट लेवल कार्यक्रम पर उन्मुखीकरण कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) तथा टीचिंग एट द राइट लेवल कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र, कुटुंबा में प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड के सभी संकुलों से संकुल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने भाग लिया। कार्यशाला में कक्षा 4 से 8 तक के हिंदी एवं गणित विषय में कमजोर दक्षता वाले बच्चों को बुनियादी अधिगम स्तर तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि ऐसे बच्चों को लक्ष्य समूह मानते हुए उन्हें विशेष शैक्षणिक सहयोग दिया जाएगा। विद्यालयों के नामित शिक्षक समावेशी कक्षा के माध्यम से गतिविधि आधारित शिक्षण अपनाते हुए एफएलएन किट एवं टीएलएम की सहायता से पढ़ाई को रोचक और आनंददायक बनाएंगे। खेल, चहक एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के



सीखने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक संकुल से प्राथमिक कक्षाओं के दो शिक्षक (हिंदी एवं गणित) तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं के दो शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाएगा। शुक्रवार को हिंदी के नामित शिक्षकों तथा शनिवार को गणित के नामित शिक्षकों का संकुल स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित होगा। संकुल स्तर के मास्टर प्रशिक्षक विद्यालयों से नामित शिक्षकों को यह प्रशिक्षण देंगे कि कमजोर बच्चों को हिंदी में कहानी स्तर तथा गणित में बुनियादी गणितीय संक्रियाओं के स्तर तक कैसे पहुंचाया जाए।

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि सभी विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों का पहले बेसलाइन सर्वे किया जाएगा। इसके आधार पर हिंदी एवं गणित में कमजोर बच्चों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से उन्हें विशेष रूप से शिक्षित कर उनकी अधिगम क्षमता में सुधार किया जाएगा। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर चंद्रशेखर प्रसाद साहू, राजीव रंजन सिंह, ज्योति भूषण, राहुल रंजन, कुमार बिजेंद्र, लेखापाल अविनाश कुमार, डेटा इंट्री ऑपरेटर विपिन कुमार सहित विभिन्न संकुलों से नामित मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# मनीष पत्रकार संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष, संतोष उपाध्यक्ष निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्षता और एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए रजौली पत्रकार संगठन के चुनाव में एक बार फिर कुमार मनीष देव को अध्यक्ष पद पर चुना गया है। पत्रकारों ने भारी मतों से अपना भरोसा जताते हुए उन्हें संगठन की कमान सौंपी है। बुधवार को रजौली के एनएच-20 किनारे स्थित स्वस्तिक रेस्टोरेंट में हुए संगठन के वार्षिक चुनाव में पत्रकारों की भारी उपस्थिति रही। चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के बाद मतगणना में कुमार मनीष देव को स्पष्ट बढ़त मिलते ही पत्रकारों ने तालियों से उनका स्वागत किया। वहीं संतोष कुमार सिंह उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए। संगठन के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पत्रकार साथियों ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। **पत्रकारों की एकता ही हमारी ताकत है** अध्यक्ष चुने जाने के बाद कुमार मनीष देव ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि रजौली के सभी पत्रकारों की एकता और भरोसे की जीत है। उन्होंने कहा, ₹आज के दौर में पत्रकारों के सामने कई चुनौतियां हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम निष्पक्ष होकर समाज की आवाज बनें और प्रशासन व आमजन के बीच सेतु का काम करें। पत्रकारों के हित और सुरक्षा के लिए संगठन हमेशा आगे रहेगा।₹ उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने कार्यकाल में संगठन को और मजबूत किया जाएगा। पत्रकारों की समस्याओं को जिला और राज्य स्तर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही प्रखंड में होने वाली गलत गतिविधियों को उजागर कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका को मजबूती से निभाया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया में वरिष्ठ पत्रकारों और निर्वाचन पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही। नए कार्यकारिणी के गठन के बाद संगठन में नई ऊर्जा देखी जा रही है।

# श्रावणी मेला को लेकर डीएम-एसएसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

## पदाधिकारियों को दिये गए आवश्यक निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के बेहतर और सुरक्षित संचालन को लेकर आज जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने संयुक्त रुप से संबंधित सभी अधिकारियों के साथ संवाद किया।

इस मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा, उप विकास आयुक्त रवि राकेश, अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) विकास कुमार सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा मेला संचालन से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, चिकित्सा सुविधाएँ, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, आपदा प्रबंधन, सूचना एवं नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था सहित मेला संचालन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी श्रीमति पांडेय ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री यादव ने सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, यातायात नियंत्रण, गश्ती दलों की सक्रियता तथा पुलिस बल की प्रभावी तैनाती के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने श्रावणी मेला के सफल और सुरक्षित संचालन हेतु पूरी समन्वय एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। ताकि बड़ी संख्या में देश- विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा नहीं हो और उन्हें अधिक से अधिक सभी सुविधाएं मिल सके।

## श्रावणी मेला में सुल्तानगंज स्टेशन पर बेहतर यात्री सुविधाएं बहाल

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के सुल्तानगंज में एक महीने तक आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने सुल्तानगंज स्टेशन पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रबंध किया है। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के सभी अधिकारियों द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर समन्वित रूप से कार्य किया गया है। मेला अवधि में निर्बाध रेल परिचालन, प्रभावी भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में मालदा मंडल के अपर रेल प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मोर्य ने बुधवार को यहां बताया कि सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने हेतु मालदा रेल मंडल के अधिकारियों की प्रतिदिन इस स्टेशन पर तैनाती की गई है। वहीं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता प्रदीप दास को श्रावणी मेला का समन्वयक अधिकारी नामित किया गया है। उनके सहयोग हेतु भागलपुर के वाणिज्य निरीक्षक अमर कुमार को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो मेला संबंधी सभी गतिविधियों के प्रभावी समन्वय का दायित्व निभाएंगे। यात्रियों की सुविधा में वृद्धि के उद्देश्य से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर नव-निर्मित 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को गुरुवार से यात्रियों के उपयोग हेतु खोल दिया जाएगा। यह आधुनिक एवं विस्तृत एफओबी प्लेटफॉर्मों के बीच सुगम आवागमन, भीड़भाड़ में कमी तथा श्रद्धालुओं के त्वरित एवं सुरक्षित आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे मेला अवधि के दौरान भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# डीडीसी की मौजूदगी में रामको इंडस्ट्रीज लिमिटेड बिहिया ने टीवी मरीजों को लिया गोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में रामको इंडस्ट्रीज लिमिटेड बिहिया द्वारा निक्षय मित्र के रूप में सहभागिता करते हुए 100 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी उन्मूलन के लिए समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता पर बल दिया गया तथा सभी से निक्षय मित्र अभियान से जुड़कर टीबी मरीजों के पोषण एवं उपचार में सहयोग करने की अपील की गई। अवसर पर डॉ. ए. अहमद, जिला संचारी रोग पदाधिकारी, रामको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधिगण, जिला समन्वयक, डॉक्टर फॉर यू की टीम तथा टीबी विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।



# छेर नदी पर डायवर्सन निर्माण कार्य तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शाहपुर (भोजपुर)।** तीन राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण शाहपुर-बनाही स्टेशन पथ पर रुद्रनगर गांव के समीप छेर नदी पर डायवर्सन निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है। नदी का जलस्तर घटते ही अभियंताओं की देखरेख में निर्माण कार्य में तेजी ला दी गई है। निर्माण के तहत पहले ईंट के टुकड़े और रोड़े बिछाए जा रहे हैं। इसके ऊपर ह्यूम पाइप लगाए जा रहे हैं। ताकि नदी के पानी का प्रवाह निर्बाध बना रहे और डायवर्सन पर दबाव कम पड़े। विभागीय कर्मी लगातार निर्माण कार्य में जुटे हैं। सहायक अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि यदि अगले दो-तीन दिनों तक वर्षा नहीं हुई और नदी का जलस्तर नहीं बढ़ा, तो डायवर्सन को पैदल आवागमन के लिए तैयार कर दिया जाएगा। इसके साथ ही छोटी गाड़ियों के परिचालन की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि करीब 10 दिन पूर्व छेर नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण बनाया गया डायवर्सन पूरी तरह बह गया था। इसके बाद शाहपुर-बनाही मार्ग पर आवागमन ठप हो गया था और आसपास के लोगों को लंबा चक्कर लगाकर यात्रा करनी पड़ रही थी।

# स्कूलों में पौधारोपण कर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न उत्क्रमित उच्च विद्यालयों, मध्य विद्यालयों तथा निजी शिक्षण संस्थानों में बुधवार को इको एंड यूथ क्लब के बैनर तले 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।यूएचएस गर्ल्स पहसारा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापिका पिंकी कुमारी ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से धरती को बचाना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक माँ अपने बच्चों की हर परिस्थिति में रक्षा करती है, उसी प्रकार धरती माँ की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक उनकी देखभाल और संरक्षण करना भी प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। एक विकसित पेड़ सैकड़ों लोगों को जीवनदायी ऑक्सीजन, शुद्ध वातावरण, वर्षा, भूजल संरक्षण तथा तापमान संतुलन जैसी अमूल्य सेवाएं प्रदान करता है।

# छात्र-छात्राओं ने नृत्य-नाटक से किया गुरु को नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा में श्रद्धा और उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा विद्यालय परिसर गुरु-भक्ति के भाव से सराबोर हो उठा।कार्यक्रम की शुरुआत खुशी, नसरीन, जान्या, राधा, सोनम, राशि, कृति एवं प्रणव द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना गुरुदेव हमारे दाता हैं, गुरुदेव ही हमारे भाग्य विधाता से हुई। इस भक्तिमय प्रस्तुति ने उपस्थित सभी को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिक्षक भीम कुमार द्वारा रचित एकांकी गुरु ही जीवन का प्रकाश रही। शिक्षिका प्रीति प्रिया के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाट्य में छात्रा पर्ल, राज नंदिनी तथा छात्र मारुति नंदन, युवराज, राघव कश्यप, अनुराग, रोहन, गोरेश गौरव, अक्षत, सुमित, बलबीर एवं शुभम के सशक्त अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। शिक्षिका प्रीति प्रिया की भूमिका ने प्रस्तुति को और जीवंत बना दिया। गुरु-शिष्य संबंधों पर आधारित मार्मिक संवादों और जीवंत अभिनय ने पूरे सभागार को भावुक कर दिया। विद्यार्थियों के अनुशासन, उत्साह और गुरु के प्रति समर्पण को देख शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी भी भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने कहा सच्ची गुरु-भक्ति केवल पूजा या चरण-वंदना तक सीमित नहीं है। गुरु के आदर्शों, संस्कारों और उपदेशों को जीवन में उतारना ही वास्तविक गुरु-भक्ति है। प्राचार्या तनु सौरभ ने कहा गुरु का सम्मान शब्दों या पुष्पों से नहीं, बल्कि सत्य, सेवा, अनुशासन, विनम्रता और सदाचार से होता है। यही सच्ची गुरु-भक्ति है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक राम कुमार मिश्रा, सुरेंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजीव कुमार सिंह, प्रेम माधुरी, कंचन कुमारी, प्रफुल्ल कुमार, राकेश कुमार, एस. रामचंद्रन, राम पुनीत राय, अविनाश कुमार सहित पूरे विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने के लिए एफ एल एन अभियान का विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों के लिए ट्रथटख्र आधारित शिक्षण का तीसरा चरण भी अभियान मोड में चलाया जाएगा। इसी को लेकर बुधवार को बाईट भवन, भगवानपुर में प्रारंभिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में प्रशिक्षक अशोक कुमार सिंह आदि ने प्रधानाध्यापकों को विद्यालयवार कार्ययोजना, लक्ष्य समूह, मूल्यांकन एवं प्रशिक्षण संबंधी दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय से 2 शिक्षक और मध्य विद्यालय से 4 शिक्षकों का चयन किया जाएगा।


## समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)

**—: आवश्यक सूचना :—**

मुस्लिम महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के सहायता स्वरोजगार योजना हेतु आवश्यक सूचना

औरंगाबाद जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा योजना अन्तर्गत बिहार सरकार द्वारा ऐसी मुस्लिम महिला जो परित्यक्ता/तलाकशुदा हो, एवं जिनकी उम्र 50 वर्ष से कम हो को एकमुश्त आर्थिक सहायता के रूप में 25,000/— (पच्चीस हजार) का अनुदान दिया जाता है, जो पूर्णतः अदेय है।

**आवेदन की प्रक्रिया :—**

1. जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा जारी प्रपत्र।
2. आय प्रमाण पत्र (अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत)
3. निवास प्रमाण पत्र (अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत)
4. जनप्रतिनिधि द्वारा निर्गत परित्यक्ता/तलाकशुदा अनुशंसा पत्र।
5. आधार कार्ड की छायाप्रति।
6. आयु प्रमाण पत्र। (निर्वाचन पहचान पत्र आदि)
7. बैंक पासबुक की छायाप्रति।

उक्त अभिप्रमाणित दस्तावेज को जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद अथवा अपने संबंधित प्रखण्ड कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

सहायक निदेशक,अ०क०,
औरंगाबाद

PR- 008953 (MWD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


## टीएआरएल आधारित शिक्षण पर प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र शैक्षणिक सत्र 2026-27 में वर्ग चार से आठ तक के विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत बनाने तथा टीएआरएल आधारित शिक्षण पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में बच्चों की वास्तविक अधिगम क्षमता के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि अभियान के तहत पहले प्रखंड स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर लक्ष्य समूह का निर्धारण किया जाएगा।

# 31 जुलाई की डेडलाइन से पहले प्रशासन सख्त, राइस मिलों को अंतिम चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** धान अधिप्राप्ति एवं कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति की प्रगति की समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 1,80,901.847 मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध 1,22,554.770 मीट्रिक टन सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जाना है। इसके विरुद्ध अब तक 1,15,347.892 मीट्रिक टन (94.12 प्रतिशत) सीएमआर की आपूर्ति की जा चुकी है। वर्तमान में 7,339.397 मीट्रिक टन (253 लॉट) सीएमआर की आपूर्ति शेष है। समीक्षा के दौरान अधिक लंबित सीएमआर वाले समितियों में पिपरा (बारुण), कंचनपुर (ओबरा), बैरांव (कुटुंबा), भरूब (ओबरा), ईटार (रफीगंज), पिपरा (नवीनगर), बौर (रफीगंज), सरसौली (ओबरा) तथा व्यापार मंडल, ओबरा शामिल पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा रवि मिनी राइस मिल, मां अम्बे एग्रो प्रोसेसिंग, आयुष राइस मिल, प्रशांत राइस मिल, देवन्ती फूड्स इंडस्ट्रीज़ प्रा. लि. सहित अन्य संबंधित राइस मिलों द्वारा अपेक्षित सीएमआर आपूर्ति नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी संबंधित मिलरों एवं समिति अध्यक्षों को 31 जुलाई, 2026 तक शत-प्रतिशत सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि ओबरा प्रखंड अंतर्गत भरूब पैक्स द्वारा लंबे समय से सीएमआर की आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण संबंधित थाना में कांड संख्या 229/26, 27 जुलाई 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार कुटुंबा प्रखंड के दधपा पैक्स द्वारा भी लगातार सीएमआर आपूर्ति में विलंब किए जाने के कारण संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु संबंधित थाना में आवेदन समर्पित किया गया है।

**किशोर लापता : भगवानपुर।** भगवानपुर थाना ओपी तेयाय क्षेत्र के मलहीपुर, निवासी एक 17 वर्षीय किशोर सोमवार सुबह से लापता है। परिजनों ने बुधवार को भगवानपुर थाना में आवेदन देकर किशोर की खोजबीन और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदनकर्ता मल्हीपुर निवासी रोबिन्स चंद्र राय, पिता- गीता राय द्वारा तेयाय ओपी में दिये गये आवेदन के अनुसार उनका पुत्र अतुल कुमार लापता है।

## वारंटी ने किया समर्पण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के एक कुर्की वारंटी ने बुधवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाला वारंटी नावकोठी निवासी सुरेश साह का पुत्र विवेक कुमार है।


## पूर्व मध्य रेल

**ई—निविदा सूचना**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस वेब पोर्टल पर खुली ई—निविदा के रूप में आमंत्रित करती है।

**क्र.सं. :** 1, **निविदा सूचना सं. :** SPJ-GSU-2026-27-001, **कार्य का नाम :** (1) Phase-1 Balance work of Parking, Drain, Boundary wall, Landscaping of ABSS station at SLNA, SBV, BNKI, SOU, LSI in the jurisdiction of Dy. CPM/GSU/SPJ. (2) Work of Parking, Drain, Boundary wall, Landscaping of ABSS station at JYG, JNR, SKI & Part-III station building at SKI and holding area at JYG. (3) At Jhanjharpur - Provision of new station building along with facade, CA and improved PA for development of station under ABSS., **निविदा लागत (रूपये में) :** 51,81,93,310.03, **ब्याना की राशि (रूपये में) :** 1,03,63,900.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 10 माह

**1.** आई.आर.ई.पी.एस वेब पोर्टल पर ई—निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर पूर्व एवं समय : 04.08.2026 को 15:00 बजे से बढ़ाकर 28.08.2026 को 14:00 बजे तक की जाती है। **2.** बोली आरंभ की तिथि को बढ़ाकर 21.07.2026 से 14.08.2026 किया जाता है। **3.** बोली—पूर्व सम्मेलन की तिथि और समय 05.08.2026 को 11:00 बजे रखा गया है। **4.** वेबसाईट की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :— वेबसाईट **www.ireps.gov.in** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जायेगी, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दी जायेगी।

**उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति,**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

पीआर/0636/एसपीजे/जीएस/टी/26—27/48



## समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)

इस विज्ञप्ति के माध्यम से औरंगाबाद जिले में वर्ष—2026 में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजान्तर्गत (इन्टर, मौलवी, फौकानिया प्रथम श्रेणी) छात्र—छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ लेने हेतु **"आवेदन ऑनलाईन करने से संबंधित आम सूचना"**

औरंगाबाद जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से इन्टर प्रथम श्रेणी वर्ष 2026 अल्पसंख्यक छात्राएँ एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड पटना से उत्तीर्ण मौलवी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्रा एवं फौकानियां में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र/छात्रा को प्रोत्साहन राशि की प्राप्त करने हेतु आवेदन ऑनलाईन किया जाना है।

औरंगाबाद जिलान्तर्गत संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आवेदन ऑनलाईन के क्रम में आवेदक का निम्नांकित कागजात अभिप्रमाणित/स्व अभिप्रमाणित प्रति साफ—साफ स्कैन कर अपलोड किया जाना आवश्यक है, जिसका विवरण निम्नवत् है :—

Required Documents

Eligibility Criteria

- *Mark sheet*
- *Passing certificate*
- *Registration card*
- *Domicile Certificate*
- *Bank Passbook/Cancelled Cheque*
- *Aadhaar Card*
- *Photo & Signature*

**Eligible Courses**

12th (Only Muslim girls) / Moulvi (Only girls) /Fauquania (both boys and girls)Belongs to the notified minority Community (Muslim, Sikh, Jain, Parsi, Buddhist and Christian)

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट ई—कल्याण पॉर्टल **https://ekalyan-bihar-gov-in/mvpy/** पर आवेदन कर सकते है।

सहायक निदेशक, अ०क०
औरंगाबाद

PR- 008951 ( Minority Welfare ) 2026-27

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।






- संभावित बाढ़/सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान बिहार, पटना के पीछे में अवस्थित पशुपालन निदेशालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।
- यह नियंत्रण कक्ष सोमवार से शानिवार तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 07.00 बजे अपराह्न तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।
- नियंत्रण कक्ष में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा सहायक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।
- बाढ़/सुखाड़ से पशुपालन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या 0612—2230942 एवं ई—मेल ahdapdabih@gmail.com पर दी जा सकती है।
- सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों को भी जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश दिया गया है।
- राज्यवासियों/पशुपालकों से अनुरोध है कि बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ—साथ आपदा नियंत्रण कक्ष पर भी सम्पर्क स्थापित करें।

PR No.-008992 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

# जल-जमाव से जूझ रहे किसानों को जल्द मिलेगी राहत

## विधायक आलोक सिंह और एसडीओ ने किया स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत दिनारा प्रखंड के ग्राम करमैनी में नहर के पानी के कारण वर्षों से व्याप्त जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मंगलवार को दिनारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने संयुक्त रूप से गांव का भ्रमण कर स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नहर से रिसाव और निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण करमैनी के खेतों में हर साल पानी भर जाता है जिससे धान और अन्य फसलें समय से पहले बर्बाद हो जाती है और किसानों को खेती करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों और किसान प्रतिनिधियों ने मौके पर विधायक और एसडीओ को बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक आलोक सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ गांव में जल निकासी के संभावित मार्गों का अवलोकन किया और पानी की निकासी के लिए तत्काल और दीर्घकालिक दोनों स्तरों पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ बिक्रमगंज ने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जलजमाव की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए सिंचाई, राजस्व, ग्रामीण विकास सहित सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि किसानों को राहत मिल सके और कृषि कार्य सुचारु रूप से हो सके। वहीं विधायक आलोक सिंह ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के अन्नदाताओं के हितों की रक्षा के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे और इस कार्य के लिए आवश्यक संसाधन एवं विभागीय सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में वे स्वयं पहल करेंगे। प्रशासन ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी जिससे भविष्य में किसानों को होने वाली फसल क्षति को रोका जा सके और करमैनी गांव के किसान सम्मान के साथ खेती कर सकें।

# गुरु पूर्णिमा पर भगवान वेद व्यास ट्रस्ट का आयोजन

## नई किरण प्रतियोगिता परीक्षा के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को भगवान वेद व्यास ट्रस्ट, डिहरी के तत्वावधान में एनिकट स्थित भगवान वेद व्यास मंदिर परिसर में भगवान वेद व्यास पूजन सह जयंती समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चंद्रवंशी, उपमुख्य पार्षद रानी कुमारी, जदयू के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य अजय कुमार कुशवाहा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि माता-पिता ही हमारे जीवन के पहले और सबसे बड़े गुरु होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन, अच्छी शिक्षा और श्रेष्ठ संस्कार अपनाने की अपील करते हुए कहा कि माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और देश के विकास का आधार है। विधायक ने युवाओं से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने गुरुओं एवं समाज के बुजुर्गों का सम्मान करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह के दौरान भगवान वेद व्यास का विधिवत पूजन, संध्या आरती, भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा महाप्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं के बीच खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर 12 जुलाई 2026 को आयोजित 'नई किरण प्रतियोगिता परीक्षा-2026' का परिणाम भी घोषित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। वहीं सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलखन चौधरी ने की जबकि मंच संचालन ट्रस्ट के पदाधिकारी लल्लू चौधरी ने किया। प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन में ट्रस्ट के सचिव जितेंद्र कुमार उर्फ लल्लू चौधरी, सह सचिव विनोद कुमार चौधरी, रविशंकर चौधरी, संगठन सचिव रामनरेश चौधरी सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रज्ञा निकेतन की पूर्व छात्रा सावर्णी पाठक ने नीट 2026 में पाई सफलता, विद्यालय में हुई सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** प्रज्ञा निकेतन, पुलिस लाइन, सासाराम के लिए गर्व का क्षण रहा जब विद्यालय की पूर्व छात्रा सावर्णी कुमारी पाठक ने नीट 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर 8141वीं रैंक प्राप्त की। सावर्णी, प्रोफेसर अर्धेंदु पाठक की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ई. संजय कुमार त्रिपाठी ने सावर्णी की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि सावर्णी की सफलता विद्यालय की छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समय के उचित प्रबंधन से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। सम्मान समारोह में सावर्णी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे विद्यालय स्तर से ही बुनियादी पुस्तकों का गहन अध्ययन करें और नियमित मेहनत करें। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय प्रज्ञा निकेतन में मिली मजबूत शैक्षणिक नींव और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। समारोह के अंत में प्रज्ञा निकेतन परिवार ने सावर्णी कुमारी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए चिकित्सा क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कैमूर में 31 लाख की हेरोइन जब्त, सप्लायर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां पुलिस ने 155.75 ग्राम हेरोइन के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी मोहनियां एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि 28 जुलाई की देर रात पुलिस पटना मोड़ से उगहनी डीह जाने वाली सड़क पर हनुमान मंदिर के पास वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से आ रहा था। पुलिस ने बाइक को रोककर तलाशी ली तो युवक के पास से 155.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा जब्त किए गए हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी युवक की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के बरेज गांव के विरेंद्र कुमार उर्फ वीरू सिंह के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रोहतास के छह शिक्षकों का राष्ट्रीय स्तर के सीसीआरटी प्रशिक्षण के लिए चयन, जिले का बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास जिले के लिए गर्व की बात है कि जिले के छह शिक्षकों का चयन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्सेज एंड ट्रेनिंग द्वारा आयोजित 517वें राष्ट्रीय ओरिएंटेशन कोर्स के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जुलाई से 11 अगस्त 2026 तक सीसीआरटी के क्षेत्रीय केंद्र, गुवाहाटी (असम) में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रशिक्षण के लिए चयनित शिक्षकों में सोनी वर्षा, रामबिलास प्रसाद चेरो, सोनू कुमार, आलोक राज, जयनाथ शर्मा तथा सोनू कुमार (पिता-काशीनाथ प्रसाद) शामिल हैं। सभी शिक्षक भारतीय कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। चयनित शिक्षकों में उच्च माध्यमिक विद्यालय, तेलकप (रोहतास प्रखंड) में कार्यरत बीपीएससी चयनित गणित शिक्षक सोनू कुमार भी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें भारतीय सांस्कृतिक विरासत को विद्यालयी शिक्षा से जोड़ने, विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना विकसित करने तथा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रचनात्मक और व्यवहारिक बनाने की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीसीआरटी का यह राष्ट्रीय ओरिएंटेशन कोर्स देशभर के चुनिंदा शिक्षकों के लिए आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षा को भारतीय संस्कृति, कला और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित करना है। रोहतास जिले के छह शिक्षकों का इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन पूरे जिले और बिहार के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों, सहकर्मी शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सभी चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दी है।

# गुरु पूर्णिमा पर जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में गुरुजनों का सम्मान

## छात्रों को नियमित कक्षाओं में शामिल होने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में गुरु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार ओझा ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य प्रो. ओझा ने कहा कि महाविद्यालय के सभी विभागों में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि छात्रों की नियमित उपस्थिति ही उनके अधिगम को बेहतर बनाती है तथा उनके कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कमलनयन सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. फरीद आलम, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. शशि शेखर विद्यार्थी, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम पाल तथा अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार को पौधा भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग की छात्राओं अंजली वर्मा, प्रियंका वर्मा, रूपांजलि, सौम्या, मांडवी, कविता, प्रियंका, सुजाता, निशा तथा छात्र विकास, इंद्रजीत और अमर कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

# गुरु पूर्णिमा पर महर्षि मेंही आश्रम में गुरु पूजा, सत्संग, भजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि मेंही आश्रम में गुरु पूजा, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। आयोजित सत्संग में संत महात्माओं ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों के माध्यम से गुरु की महिमा, आध्यात्मिक जीवन तथा मानव कल्याण का संदेश दिया। उनके ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक विचारों से उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आश्रम के संत शर्मा, भोला सर्राफ एवं राजेंद्र मेहता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से भजन-कीर्तन में भाग लिया तथा इसके उपरांत आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा के इस आध्यात्मिक आयोजन में क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर सुख, शांति एवं सद्भाव की कामना की।

# आदर्श योग कक्षा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पतंजलि आदर्श योग कक्षा, डिहरी ऑन-सोन में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि परिवार के योग साधकों ने सामूहिक रूप से हवन-पूजन कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की तथा समाज में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि गुरु ही ज्ञान के प्रकाश से जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करते हैं। उन्होंने गुरु महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हुए कहा कि गुरु की कृपा से ही जीवन में सही मार्गदर्शन और आत्मिक उन्नति संभव है। उन्होंने यज्ञ एवं हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ में अर्पित की गई हवि वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। हवन से उत्पन्न धूम्र वायुमंडल को शुद्ध करने और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होता है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं एवं योग साधकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, योग शिक्षक प्रभु नारायण शर्मा, ललन चौधरी, धनंजय कुमार, सरोज कुमार, ददन राय, राजेंद्र सिंह, कृष्ण प्रसाद, दयाशंकर प्रसाद, मुराली सिंह, जोगिंदर पाल, राजेश कुमार, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में पतंजलि योग साधक उपस्थित रहे। सभी ने गुरु वंदना कर गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

# शहर में चला विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान, एसडीओ ने दिए सख्त निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने और आम नागरिकों की आवाजाही में आ रही बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज की अध्यक्षता में तेंदूनी चौक से थाना चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। प्रशासन के अनुसार क्षेत्र में सड़क के दोनों किनारों, नालों और सार्वजनिक स्थलों पर अस्थायी दुकानों, ठेलों और अन्य सामग्रियों के कारण लगातार जाम की स्थिति बन रही थी जिससे विधि-व्यवस्था के संचालन और आपातकालीन सेवाओं की पहुंच में भी दिक्कतें हो रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद बिक्रमगंज के कर्मियों, सफाईकर्मियों और जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से सड़क किनारे किए गए सभी अस्थायी अतिक्रमणों को नियमानुसार हटाया गया। हटाए गए सामान को जब्त कर संबंधित लोगों को भविष्य में सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने की कड़ी चेतावनी दी गई। मौके पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखना केवल प्रशासन की नहीं बल्कि नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने तथा आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और बिना किसी भेदभाव के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा गणिनाथ जी महाराज की 34वें जयंती महोत्सव की तैयारियां तेज, 5 सितंबर को होगा आयोजन

## आयोजन समिति ने एसडीएम से मिलकर सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्था पर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य सभा एवं बाबा गणिनाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाला श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ जी महाराज का 34वां भव्य जयंती महोत्सव आगामी 5 सितंबर (शनिवार) को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए आयोजन समिति ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में बाबा गणिनाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम), डिहरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जयंती महोत्सव की रूपरेखा, शोभायात्रा, धार्मिक अनुष्ठानों, पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संचालन, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, स्वच्छता एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन को आवश्यक आवेदन भी सौंपा गया। चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं संचालक गोपाल प्रसाद ने बताया कि बाबा गणिनाथ जी महाराज मधेशिया वैश्य समाज के कुलदेवता हैं। उनकी जयंती प्रत्येक वर्ष पूरे श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई जाती है। इस आयोजन में केवल मधेशिया वैश्य समाज ही नहीं, बल्कि डिहरी एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न समुदायों के हजारों श्रद्धालु भी भाग लेते हैं। महोत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिलता है तथा मंदिर परिसर मेले का रूप धारण कर लेता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है। आयोजन समिति ने टेंट, पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, मंच निर्माण, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित एजेंसियों को अग्रिम भुगतान कर दिया है। मंदिर परिसर में आयोजित तैयारी बैठक में ट्रस्टी एवं संचालक गोपाल प्रसाद, अध्यक्ष संदीप कुमार उर्फ गट्टू, नंदन कुमार, ललन प्रसाद, उदय कुमार, मोहन प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, अजय प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, अनिल कुमार उर्फ ब्लू, ललन प्रसाद गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता उर्फ बाबू सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

# चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक, विधि-व्यवस्था संधारण पर होगा मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल में चेहल्लुम पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में आयोजित की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के कार्यालय से जारी पत्रांक 325 के अनुसार यह बैठक अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में होगी जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, विद्युत आपूर्ति एवं भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता, बुडको के परियोजना निदेशक, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक, अग्निशामक पदाधिकारी, उत्पाद निरीक्षक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर परिषद एवं पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, नगर पूजा समिति व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष-सचिव, मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष-सचिव-खलीफा, सभी डीजे संचालक, पत्रकार बंधु तथा शांति समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( लापता / अपहृत संध्या देवी, उम्र–21 वर्ष )**



रमना थाना कांड सं0–73/26, दिनांक–08.07.26, धारा–137(2), 87, बी0एन0एस0 2023, में लापता / अपहृत संध्या देवी, उम्र–21 वर्श, पिता–स्व0 लखन सिंह, ग्राम–केरवा मानदोहर, टोला – बारपानी, थाना –रमना, जिला– गढ़वा, राज्य –झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया किया गया लापता संध्या देवी को मिन्टू पासवान, पिता–स्व0 उपेन्द्र पासवान ग्राम–कबीसा, थाना–रमना के द्वारा प्रेम जाल में फंसा कर कहीं ले गया है, जो अबतक अपने घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता/अपहृत महिला का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता / अपहृत का विवरण / हुलिया :–**
नाम–संध्या देवी, लम्बाई–04 फीट 06 इंच, रंग–सांवला,
पहनावा–उजला रंग का सूट एवं सलवार।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 386159 (Police)26-27*D



**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Notice Inviting Tender**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 202/PR/ JBVNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of Customer Care Centre, Barwadih (in use as Sub-division Office, Barwadih) under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 3,83,000/– | 60 days | 7700.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 10/08/2026 upto 03:00 PM | 10/08/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 386168 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D



**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा' गढ़वा**
www.atmagarhwa.org.in
Email-atmagarhwa2007@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण "ATMA" गढ़वा अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा अधारित नियुक्ति हेतु BTM/ATM एवं लेखापाल–सह–लिपिक का पदवार आवेदनों की औपबंधिक मेधा सूची एवं प्रतीक्षासूची गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in एवं www.atmagarhwa.org.in पर जारी कर दिया गया है। औपबंधित मेधा सूची के अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन दिनांक 05.08.2026 को आत्मा कार्यालय, गढ़वा में किया जाएगा, जिसमें मेधा सूची सभी अभ्यार्थी पहचान–पत्र एवं सभी मूल प्रमाण पत्रों (एक छाया प्रति सहित) के साथ उपस्थित रहेंगे। विस्तृत जानकारी गढ़वा जिला वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा
गढ़वा

PR 386204 Agriculture (26-27)_D

# 1420.75 करोड़ की सोन नदी पेयजल परियोजना की प्रगति 81.18 प्रतिशत

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत सोन नदी के सतही जल पर आधारित औरंगाबाद, सासाराम एवं डेहरी नगरों की महत्वाकांक्षी पेयजलापूर्ति परियोजना की विस्तृत समीक्षा की। करीब 1420.75 करोड़ की लागत से क्रियान्वित इस परियोजना को तीनों नगरों के लाखों लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने परियोजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि इसकी वित्तीय प्रगति 71.67 प्रतिशत तथा भौतिक प्रगति 81.18 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन परियोजना की नियमित निगरानी कर रहा है और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा कर आमजन को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान एनिकट के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, इंटेक वेल, 206 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र, पंप हाउस, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण तथा पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अधिकांश प्रमुख संरचनात्मक कार्य अंतिम चरण में हैं तथा पाइपलाइन और अन्य सहायक कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। रमा निषाद ने निर्देश दिया कि शेष कार्यों में और अधिक गति लाई जाए तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद औरंगाबाद, सासाराम एवं डेहरी के लाखों नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसी भी बाधा का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में रमा निषाद ने श्री सीमेंट और एनपीजीसीएल के प्रतिनिधियों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद के अंतर्गत जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, संबंधित कार्यपालक अभियंता तथा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों ने बांधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** देश के शहीदों की याद में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन बुधवार की शाम शहर के नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सैनिक कल्याण निदेशालय पटना तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में पटना से आए दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। मनोरंजन के लिए हास्य कलाकारों ने भी कई प्रकार के मनोरंजक चुटकीला सुनाकर लोगों को हसने पर विवश कर दिया। वहीं कार्यक्रम में पहुंची गायिका ने दिल दिया है जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिये, सुनो सजना पपीहे ने, चलो सजना जहां तक घटा चले आदि गीतों से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। साथ ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा भी शहीदों के शहादत पर शमां बंधा। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों पर शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा महकमा देशभक्ति के माहौल में रंग गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह द्वारा बताया गया कि एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हमारे देश के वीर जवान के शहादत पर आयोजित किया गया। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे देश के शहीदों को याद करना और उनकी याद में सम्मानित करना है। यह कार्यक्रम हमें हमारे देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की याद में जीने और उनकी वीरता को सलाम करने का अवसर प्रदान करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार, सदर अंचलाधिकारी अनुज सिंह सहित अन्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, बेसहारा हुई पत्नी व चार बच्चे

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सड़क दुर्घटना में औरंगाबाद के एक व्यक्ति की हरियाणा में मौत हो गई। बुधवार को मृतक बबन यादव का शव पैतृक गांव रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के उधम बिगहा पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों सड़क पार करते वक्त बबन अज्ञात बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन मंगलवार की देर रात बबन जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष हार गए। उनकी मौत से परिजनों पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा। बुधवार को शव औरंगाबाद लाया गया। घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद शंकर यादवेंदु ने पीड़ित परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने बताया कि मृतक की आर्थिक स्थिति कुछ ठीक नहीं है।

# सुविधायुक्त श्रावणी मेला की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आयोजित होने वाले श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के संबंध में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को जिले के प्रमुख शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। विशेष रूप से गोह प्रखंड स्थित देवकुंड मंदिर, रफीगंज प्रखंड स्थित प्रचार पहाड़, मदनपुर प्रखंड स्थित उमगा मंदिर तथा सदर प्रखंड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ एकत्रित होने की संभावना है। इसे दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मंदिर परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुदृढ़ विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल की तैनाती करने का निर्देश दिया गया। मंदिरों में प्रवेश एवं निकासी मार्गों का स्पष्ट चिन्हांकन, बैरिकेडिंग, कतारबद्ध दर्शन व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक प्रबंध करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से देवकुंड मंदिर में श्रद्धालुओं की अपेक्षाकृत अधिक भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मंदिर तक आने-जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, जाम की स्थिति से बचाव हेतु वैकल्पिक रूट प्लान तैयार करने तथा पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी प्रमुख मंदिर स्थलों पर एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, चिकित्सकीय टीम, पेयजल, अस्थायी शौचालय, स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# लापरवाही बरतने वाले पुलिस अफसरों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पुलिस सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा की अध्यक्षता में जून-2026 की जिला स्तरीय मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में 300 दिनों से लंबित कांडों, जून के अंतिम प्रपत्रों, हत्या, पुलिस पर हमला, आर्म्स एक्ट, पॉक्सो, मॉब लिंचिंग एवं एससी-एसटी जैसी गंभीर घटनाओं, स्पीडी ट्रायल, थानावार गिरफ्तारियों, सम्मन-वारंट के निष्पादन, उत्पाद अधिनियम के मामलों सहित मालखानों के भौतिक सत्यापन तथा एफएसएल भेजे जाने वाले लंबित नमूनों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा प्रभावी पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने बेहतर कार्य करने वाले थानों की सराहना की, जबकि अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्यशैली में जल्द सुधार लाने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय दयानंद शर्मा, एसडीपीओ बगहा निहार भूषण, एसडीपीओ रामनगर रागनी कुमारी समेत जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों का त्वरित निपटारा तथा आम लोगों को बेहतर सुरक्षा और पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बैठक में सदर एसडीपीओ सुशील कुमार, दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास, पुलिस उपाधीक्षक बेबी कुमारी, नवीनगर सर्किल इंस्पेक्टर सूरज कुमार, नगर सर्किल इंस्पेक्टर फ़हीम आजाद खां सहित अन्य मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से रिटायर्ड शिक्षक की मौत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के एनएच-139 पर कुर्बान बिगहा के समीप तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से सेवानिवृत्त एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दाउदनगर शहर के वार्ड संख्या 16, रामनगर निवासी विजय सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार विजय सिंह की पत्नी सरकारी विद्यालय में शिक्षिका हैं। वह उन्हें दाउदनगर स्थित बीआरसी छोड़ने बाइक से गए थे। पत्नी को छोड़ने के बाद घर लौटते समय उन्होंने सब्जी और फल भी खरीदे थे। इसी दौरान दाउदनगर थाना क्षेत्र के कुर्बान बिगहा के समीप पटना की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक चालक बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में विजय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बाइक ट्रक में फंस गई। स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा कर उसे पकड़ लिया। बताया जाता है कि विजय सिंह करीब दो वर्ष पहले शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके परिवार में पत्नी और एक पुत्र हैं। उनकी पत्नी ओबरा प्रखंड के मझियांवा पंचायत अंतर्गत जमुहारा गांव के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं।

# रंगदारी, हत्या सहित अन्य मामलों में 114 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 114 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 66 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में तीन, रंगदारी में दो, हत्या प्रयास में 14, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 84 लोगों की गिरफ्तारी की गई। अभियान के फलस्वरूप 145.90 लीटर देसी शराब, तीन बाइक, 38 किलोग्राम लोहे की छड़ जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 998 वाहनों की जांच की गई जिसमें 28500 रुपये की राशि वसूल की गई। 67 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा चार भट्टी ध्वस्त और 100000 लीटर महुआ विनिष्ट किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# दो पक्षों के बीच मारपीट रोकने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के बलिकरना गांव में सोमवार देर शाम दो पक्षों के बीच मारपीट रोकने पहुंची पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया गया। इस हमले में थानाध्यक्ष सूर्यवीर गुप्ता समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, गांव में किसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो रही थी। इसकी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान एक पक्ष उग्र हो गया और अचानक पुलिस टीम पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। इस हमले में थानाध्यक्ष सूर्यवीर गुप्ता, एसआई अजय खरवार, दारोगा पुष्प कुमारी और एक महिला सिपाही घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में थानाध्यक्ष सूर्यवीर गुप्ता की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य तीन पुलिसकर्मियों का इलाज जारी है। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गांव में छापेमारी की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जन सहभागिता से डेंगू पर होगा नियंत्रण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलेवासियों से सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने अपील करते हुए कहा कि वर्तमान वर्षा ऋतु डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के प्रजनन के लिए अत्यंत अनुकूल समय है। उन्होंने बताया कि जुलाई से नवंबर माह तक डेंगू का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में सभी नागरिक सतर्क रहें तथा डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों का पालन करें। सिविल सर्जन ने बताया कि डेंगू एक मच्छरजनित रोग है, जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। इस बीमारी की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरों को पनपने से रोकना है। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर सामान्यतः सूर्योदय के बाद तथा सूर्यास्त से पहले अधिक सक्रिय रहता है। इसलिए इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर से बाहर निकलते समय पूरे शरीर को ढकने वाले, विशेषकर पूरी बाँह के कपड़े पहनें। बच्चों को खेलने के दौरान भी पूरे शरीर को ढकने वाले ढीले एवं आरामदायक वस्त्र पहनाए जाएं, ताकि मच्छरों के काटने से बचाव हो सके। सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। घरों के आसपास गड्ढों, टूटे बर्तनों, टायरों, गमलों, कूलर, छतों तथा अन्य स्थानों पर पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने सभी नागरिकों से सप्ताह में एक दिन, एक घंटे का 'ड्राई डे' मनाने की अपील करते हुए कहा कि इस दौरान घर एवं आसपास पानी जमा होने वाले सभी स्थानों को पूरी तरह खाली एवं सूखा रखें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए नियमित रूप से एंटी लार्वा छिड़काव कराया जा रहा है, जिससे मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके।

# स्वास्थ्य उप केंद्र से स्लम बस्तियों को मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नगर परिषद क्षेत्र के कुशवाहा नगर में बुधवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के निर्देशानुसार एक शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उप केंद्र) का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता एवं रेड क्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य उप केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के स्थानीय निकाय क्षेत्र में यह पहला शहरी स्वास्थ्य उप केंद्र प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के संचालन से विशेष रूप से मलिन बस्तियों एवं शहरी गरीब परिवारों को उनके घर के निकट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में जिले के शहरी क्षेत्र में दो स्वास्थ्य उप केंद्र स्थापित किए जाने हैं। इनमें से एक का उद्घाटन आज किया गया है, जबकि दूसरा केंद्र भी यथा शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मो. अनवर आलम ने बताया कि इस स्वास्थ्य उप केंद्र का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र के लोगों, विशेषकर मलिन बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यहां ओपीडी सेवा, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण, किट आधारित जांच, नियमित टीकाकरण, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग एवं पहचान तथा परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र पर सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. नकीब, सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. शाहीन अख्तर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbiharitime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# इस वर्ष अब तक जिले में मिले सात डेंगू पॉजिटिव मरीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव एवं नियंत्रण हेतु अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने, विभागवार दायित्वों का निर्धारण करने तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जनभागीदारी के माध्यम से डेंगू मुक्त औरंगाबाद के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, जलजमाव वाले स्थलों की तत्काल पहचान कर निकासी कराने, टायर, कबाड़, निर्माण स्थलों एवं खाली भूखंडों में पानी जमा नहीं होने देने, आवश्यकता अनुसार फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा गतिविधियां संचालित करने तथा बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी विद्यालयों में डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, प्रत्येक शनिवार 'ड्राई डे' मनाने, विद्यालय परिसर में जलजमाव नहीं होने देने तथा छात्रों के माध्यम से घर-घर डेंगू से बचाव का संदेश पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित करने, ग्राम सभाओं में डेंगू जागरूकता को शामिल करने तथा वार्ड सदस्यों एवं मुखिया के माध्यम से जलजमाव हटाने एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जीविका समूहों, आईसीडीएस एवं आंगनबाड़ी सेवाओं के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को समाचार पत्र, सोशल मीडिया एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से डेंगू से बचाव संबंधी संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को पेयजल स्रोतों पर रिसाव रोकने, पाइपलाइन लीकेज का त्वरित समाधान करने एवं जल भंडारण टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भवन निर्माण विभाग को निर्माणाधीन स्थलों पर जलजमाव नहीं होने देने तथा निर्माण एजेंसियों को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को संदिग्ध मरीजों की समय पर जांच एवं उपचार, प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण एवं लार्वा नियंत्रण अभियान चलाने, आशा एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर जागरूकता फैलाने तथा सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक विभाग को अपने स्तर पर नोडल पदाधिकारी नामित करने, प्रत्येक शनिवार 'ड्राई डे' का पालन सुनिश्चित करने तथा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय को साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में डेंगू की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2026 में अब तक जिले में कुल 07 डेंगू पॉजिटिव मामले पाए गए हैं, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या 58 थी। उपलब्ध संसाधनों, जांच किट, फॉगिंग मशीन, टेमीफॉस एवं ब्लीचिंग पाउडर की उपलब्धता की भी समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार सभी तैयारियां अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सतत निगरानी, व्यापक जनजागरूकता एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है।

**डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव को लेकर प्रशासन अलर्ट**

